CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम: 15°C

मुरादाबाद, सोमवार 6 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 17 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमंता बिस्वा सरमा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल गांधी पेज 2



मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ी हैदराबाद टीम खेल टाइम्स



युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू सम्पादकीय



अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प पेज 12

# पायलट बचाने में अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान

तेहरान, वार्ता

**ईरान और** अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिका के विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए गए हैं।

ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका के विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया। इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलबा बिखरा हुआ दिख रहा है। इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



ईरान ने अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत देते हुए विमानों के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए

## ईरान के आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मार गिराया

**तेहरान।** आईआरजीसी ने इस्फहान शहर के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 रीपर को मार गिराया है। प्रेस टीवी ने आईआरजीसी के एक बयान का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले, ईरान के खातम अल-अंबिया सैन्य कमांड के केन्द्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फागरी ने कहा था कि ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को तीन एमक्यू-9 रणनीतिक ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया था। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए थे, जिससे जान माल का काफी नुकसान हुआ। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है।

## कुवैत में वित्त मंत्रालय और तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है, जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमलों में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। कुना समाचार एजेंसी के अनुसार हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल में यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक सुरक्षित

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डा. शमुंगा सुंदरम ने कहा कि यदि कोई श्रमिक भारत लौटना चाहता है, तो उसके लिए जॉर्डन के रास्ते वापसी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार लगातार उनकी स्थिति की निगरानी कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर रही है। नियमित रूप से इजरायल स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां मौजूद सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति की सूचना नहीं है।

### चुनाव आयोग ने विस चुनावों से पहले जब्त किए 650 करोड़

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद से कानून लागू करने वाली देश की विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 650 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य प्रलोभन सामग्री जब्त की है। आयोग ने रविवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि 15 मार्च को असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 फरवरी से पांच अप्रैल के बीच कुल 651.51 करोड़ रुपये की जब्ती हुई, जिसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 231 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

### झारखंड समेत छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में अप्रैल के पहले हफ्ते में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। कई राज्यों में लू चलती है। दक्षिणी और समुद्र किनारे बसे राज्यों में उमस भरा मौसम रहता है, लेकिन इस बार पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है। तटीय राज्यों में बारिश, मैदानी इलाकों में ओले गिर रहे हैं। तापमान भी 35 डिग्री सेल्सियस से कम या आसपास है। इसका कारण है लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस)। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च-अप्रैल में अमूमन इतने ज्यादा विक्षोभ नहीं बनते। इनका असर उत्तर भारत में देखने को मिलता है। इस बार इनकी पोजिशन उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में है। इसे अरब सागर के साथ बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिली और जमकर आंधी-बारिश हुई। अकेले मार्च में देश पर 8 पश्चिमी विक्षोभों का असर पड़ा, जबकि सामान्य तौर पर यह संख्या 5 या 6 होती है।

# एपस्टीन और अनिल अंबानी के बीच सैकड़ों मैसेज-ईमेल हुए

## दावा: यौन अपराधी ने खुद को व्हाइट हाउस का इनसाइडर बताया

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिका के** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 2017 में उद्योगपति अनिल अंबानी के सामने खुद को डोनाल्ड ट्रम्प के पहले कार्यकाल के व्हाइट हाउस के 'इनसाइडर' की तरह पेश किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच दो साल तक सैकड़ों मैसेज और ईमेल हुए। इनमें एपस्टीन ने ट्रम्प प्रशासन की नियुक्ति व विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां साझा कीं, जो बाद में सही भी निकलीं।

हालांकि, इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि एपस्टीन की व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच थी। मैसेज में अनिल अंबानी ने एपस्टीन को लिखा था कि 'भारत के रिश्ते और रक्षा सहयोग के लिए व्हाइट हाउस से डील करने में आपकी गाइडेंस चाहिए।' जवाब में एपस्टीन ने 'इनसाइड' जानकारी देने का वादा किया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी मैसेज के रीव्यू के आधार पर बताया कि अनिल अंबानी और एपस्टीन के बीच बातचीत सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर होती थी, जहां अंबानी 'अरमानी ए' नाम से सक्रिय थे। यह संपर्क उस दौर का है, जब एपस्टीन नाबालिगों से जुड़े अपराधों में जेल की सजा काट चुका था। इनका परिचय दुबई की कंपनी डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने कराया था। एपस्टीन ने जब दीपक चोपड़ा से अंबानी के बारे में राय मांगी, तो चोपड़ा ने उन्हें 'बेहद अमीर, चर्चा में रहने का शौकीन और सेलेब्स के प्रति सजग' व्यक्ति बताया था। मैसेज में एपस्टीन खुद को असरदार पावर ब्रोकर के रूप में पेश करता दिखा। मार्च 2017 में अनिल अंबानी ने एपस्टीन से पूर्व सीआईए डायरेक्टर डेविड पेट्रेयस के भारत में अमेरिकी राजदूत बनने की संभावना पूछी थी। एपस्टीन ने जवाब दिया था- वे प्राथमिकता में नहीं हैं। बाद में केनेथ जस्टर राजदूत बने। जुलाई 2017 में एपस्टीन ने यह 'इनसाइड' जानकारी भी दी कि जान बोल्टन नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) होंगे। हालांकि, तब ट्रम्प ने मौजूदा एनएसए मैकमास्टर का बचाव किया था। हालांकि, 8 महीने बाद एपस्टीन की बात सच साबित हुई और बोल्टन ने ही पद संभाला। एपस्टीन ने अनिल अंबानी को ट्रम्प के बेहद करीबी लोगों, जैसे स्टीफन बैनन और थामस बैरक जूनियर से मिलवाने का प्रस्ताव दिया था। बोल्टन 9 अप्रैल, 2018 को एनएसए बने और ट्रम्प ने 10 सितम्बर 2019 को उन्हें पद से हटा दिया। बैरक उस वक्त ट्रम्प की इनॉगरेशन कमेटी के अध्यक्ष थे। एपस्टीन ने दिग्गजों को यह भरोसा दिलाया कि अंबानी से जुड़ना उनके लिए फायदेमंद होगा। वहीं, अनिल अंबानी ने खुद को भारत में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बताते हुए मैसेज लिखा कि 'लीडरशिप' चाहती है कि एपस्टीन उनकी मुलाकात जेरेड कुश्नर और बैनन से कराने में मदद करे। अनिल अंबानी की अमेरिकी डिफेंस पॉलिसी में दिलचस्पी की वजह यह भी बताई गई है कि 2016 में उन्हें राफेल के पार्ट्स से जुड़ी डील मिली थी। उस वक्त आलोचकों ने भारत सरकार पर अंबानी को फायदा पहुंचाने के आरोप लगाए थे, जिन्हें सरकार ने खारिज किया था। अंबानी ने लिखा था कि भारत के लिए अमेरिकी राजदूत का चयन उनके लिए बेहद 'अहम' है। वे चाहते थे कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से निपटने के लिए इस पद पर कोई 'मजबूत' व्यक्ति आए।



**नियुक्ति-विदेश नीति से जुड़ी जानकारियां दीं, जो बाद में सही निकली**

**व्हाइट हाउस से संपर्क करने में अनिल अंबानी ने मांगी थी मदद**

### अनिल अंबानी-एपस्टीन के बीच पैसों के लेनदेन का भी जिक्र

**न्यूयॉर्क।** 2019 में जब अनिल अंबानी की कंपनियों पर आर्थिक संकट गहराया और उन्हें कर्ज चुकाने के लिए भाई मुकेश अंबानी की मदद लेनी पड़ी, तब एपस्टीन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दे रहा था। हालांकि, एपस्टीन ने संदेशों में लिखा कि उसे पैसे की जरूरत नहीं है, लेकिन एक ईमेल में 'ट्रांजैक्शन डन' का जिक्र मिला। रिपोर्ट के अनुसार, 23 मई 2019 को भारत में चुनावी नतीजों के दिन अनिल अंबानी न्यूयॉर्क में एपस्टीन के घर गए थे। इसके कुछ ही हफ्तों बाद एपस्टीन को नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑनलाइन माध्यम से ही बुक कराएं सिलेंडर: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन बुकिंग के बढ़ने के बावजूद रसोई गैस वितरण एजेन्सियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन माध्यम से ही एलपीजी सिलेंडर बुक कराएं और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं।

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति के प्रभावित होने के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की सुचारू और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठा रहा है और फिलहाल देश में इनका पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा है कि एलपीजी वितरकों के पास गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं है और ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है। शनिवार को 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित एलपीजी डिलीवरी फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर शनिवार को 90 प्रतिशत हो गई है ताकि हेराफेरी को रोका जा सके। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को शनिवार को 5 किलोग्राम के 90,000 से अधिक सिलेंडर बेचे गए। देश में पीएनजी विस्तार तेजी से बढ़ रहा है और मार्च से 3.6 लाख कनेक्शन को गैस आपूर्ति शुरू की गई है और 3.9 लाख से अधिक नए पंजीकरण हुए हैं। पश्चिम एशिया में फंसे सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और 28 फरवरी से अब तक 7 लाख दो हजार से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे हैं। सरकार ने कहा है कि वह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और घबराहट में खरीदारी तथा अनावश्यक बुकिंग से बचें। एलपीजी की जमाखोरी और काला बाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। मार्च से अब तक राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की संयुक्त टीमों द्वारा 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। कंपनियों के अधिकारियों को अचानक निरीक्षण की प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जमाखोरी और काला बाजारी की किसी भी घटना को रोका जा सके। अब तक एलपीजी वितरकों को 1400 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा, अब तक 36 एलपीजी वितरकों को निलंबित किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति के साथ प्राथमिकता दी गई है।

**■ कहा: आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाएं, गैस समाप्त होने की कोई सूचना नहीं**



**एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी**

## अहमदाबाद प्लेन हादसे के पीड़ित परिवारों का पीएम को लेटर

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश के 10 महीने बाद करीब 30 पीड़ित परिवारों ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने पीएम से फ्लाइट का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों ने कहा कि हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें सच्चाई जाननी है। हम जानना चाहते हैं कि हादसा क्यों हुआ और क्या इसमें कोई तकनीकी खराबी थी। परिजनों का कहना है कि अगर ब्लैक बॉक्स डेटा सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, तो कम से कम इसे निजी तौर पर परिवारों के साथ साझा किया जाए। 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787-8 विमान टेकऑफ के तुरंत बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिर गया था। इस हादसे में 241 यात्री और 19 अन्य लोगों समेत कुल 260 लोगों की मौत हुई थी। पीड़ित परिवारों ने पीएम को लिखे लेटर में एयर इंडिया की तरफ से मदद की कमी का आरोप लगाया।

**कहा: हम पैसे नहीं, हादसे की वजह जानना चाहते हैं, ब्लैक बॉक्स डेटा की मांग**

## TMC के पापों का घड़ा अब भर चुका: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था।

टीएमसी उसी की याद दिलाना चाहती है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर टीएमसी के करप्शन का भय है, तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और टीएमसी के घुसपैठ कराने का भय है, तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। तृणमूल कांग्रेस की सरकार में बंगाल की डेमोग्राफी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को टीएमसी का समर्थन है। हमारी सरकार उन्हें चुन-चुनकर बाहर कर रही है।



**अब जनता बदलाव चाहती है, चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी**

## चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना चाहिए: जस्टिस नागरत्ना

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहिए और उस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने पटना की चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म बियॉन्ड राइट्स: व्हाई स्ट्रक्चर मैटर्स' पर बात की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यदि संवैधानिक ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो इससे संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है, भले ही अधिकार औपचारिक रूप से मौजूद रहें। जस्टिस नागरत्ना सितम्बर 2027 में सीनियरिटी के आधार पर देश की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आगे कहा कि जब संस्थाएं एक-दूसरे की जांच और निगरानी करना बंद कर देती हैं, तभी असली समस्या शुरू होती है। चुनाव आयोग, कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (कैग) और वित्त आयोग जैसी संस्थाएं निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाती हैं।

**■ कहा: दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए**
**■ कोई भी राजनीतिक प्रभाव न हो**

# वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्रेशर पार्टी










## सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक, बीबीए, बीसीए,एम.बी.ए प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा 'आरंभ' फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

जिसमे द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत बड़े ही जोश और धूमधाम से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम सदर ऋतु रानी, स्वाति वीरा महाजन (केएसवीसीईएम कोषाध्यक्ष /सचिव रेडियो संदेश 89.6) व वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.अमित कुमार बंसल एवं डा. महेंद्र सिंह कोरव, गयूर आसिफ, कैप्टन बिशन लाल, गिरिराज सिंह, संगीता गुप्ता आदि प्रधानाचार्य व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था निदेशक प्रो. अमित कुमार बंसल ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।एसडीएम सदर ऋतु रानी ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने और जीवन में सफल होने के नियम बताए और कहा कि इंजीनियरिंग और प्रबंध क्षेत्र में अभी भी रोजगार की अपार संभावनाएं है। आवश्यकता है सिर्फ अपना उद्देश्य लेकर पढ़ाई करने की। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि वीरा कॉलेज बिजनौर जैसे शहर में विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग की एक उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा कर उनको जीवन में कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

स्वाति वीरा ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है जो व्यक्ति को ज्ञान नैतिकता और समझ प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जो मित्र हमारे स्कूल-कॉलेज समय के होते है, वो हमे बहुत कमी से मिलते है क्योंकि जीवन में जिस प्रकार हम प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते है, हमारी मित्रता का दायरा भी बढ़ता है परंतु हम समय-समय पर अपनी सभी नए पुराने मित्रों से मिलते रहना चाहिए और अपने सुख-दुख और अनुभव बाटते रहना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन के लिए उन्होंने संस्था निदेशक, फैकल्टी, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी और मन लगाकर पढ़ाई करने व अपने जीवन के उद्देश्य को पाने हेतु हमेशा प्रयासरत रहने को प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों में नृत्य, गायन, डुएट डांस, मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। नृत्य में मनमीत कौर, कृतिका और लायबा द्वारा, गिटार में कौस्तुभ द्वारा, डुएट डांस मुस्कान और मनमीत द्वारा, सोलो सिंगिंग श्रेया द्वारा, सोलो डांस मुस्कान और अमन द्वारा, डुएट डांस माही रॉय और प्रिया, इभाज और लावन्या द्वारा, मिमिक्री अमन द्वारा, और ग्रुप डांस प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। मिस्टर फ्रेशर बी.टेक से प्रिंस सैनी व मिस फ्रेशर सिद्धि मुद्गल और मिस्टर फ्रेशर एमबीए से ऋषभ चौधरी व मिस फ्रेशर कनिष्का राठी, मिस्टर डैशिंग तिलक (बीबीए) मिस गॉर्जियस कृतिका वर्मा (बी.टेक) चुने गए। वीरा सोसाइटी व कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा व मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का संचालन प्रगति गर्ग, रुद्राणी चौहान, श्वेता गौड़, नायला नईम, अफीफा सिद्दीकी ने किया। संस्था निदेशक प्रो.अमित कुमार बंसल ने कार्यक्रम संयोजक व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोक. ेश कुमार अग्रवाल, डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा व सभी विभाग अध्यक्षों/शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर चीफ प्रोक्टर डा. शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार, डा. शुभम राजपूत, गौरव गुप्ता, विभोर राजवंशी, सुधीर लाबा, डा. फैजल अंसारी मीडिया प्रभारी सुनील भारद्वाज, निधि विश्नोई, उज्जवल कुमार, ललित राठी, विमल कश्यप, एनपीएस भंडारी, डा. अभिषेक चौधरी, विपिन कुमार, गजेंद्र कुमार, निकिता आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ऊर्जा मंत्री के बयान से प्रीपेड व स्मार्ट मीटर को लेकर नया विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के हालिया बयान के बाद क्षेत्र में प्रीपेड व स्मार्ट मीटर को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मंत्री द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी उपभोक्ता के घर पर उसकी मर्जी के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता, लेकिन इसके विपरीत कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने बिजली विभाग के दबाव में आकर पहले ही प्रीपेड मीटर लगवा लिए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बार-बार दबाव बनाए जाने के कारण उन्हें मजबूरी में मीटर बदलवाना पड़ा। अब ऊर्जा मंत्री के बयान के बाद ऐसे उपभोक्ताओं में असमंजस और चिंता की स्थिति पैदा हो गई है। उनका सवाल है कि जब सहमति आवश्यक थी, तो फिर दबाव बनाकर मीटर क्यों लगाए गए।

कई उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद बिजली खर्च पर नियंत्रण रखना कठिन हो गया है और रिचार्ज प्रणाली के कारण उन्हें बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यदि सरकार की नीति स्वैच्छिक है, तो पहले से लगे मीटरों के संबंध में भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए।

इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और लोग अब प्रशासन से पारदर्शिता व स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार और विभाग को एकसमान नीति अपनानी चाहिए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से बिजनौर पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत गांवों में सक्रिय अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मंडावली थाना पुलिस ने ग्राम औरंगपुर भिक्कू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

औरंगपुर भिक्कू में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को एकत्र कर उन्हें विभिन्न योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं के बारे में समझाया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग करना रहा।



पुलिस टीम ने महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।

महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 (वीमेन हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं एवं नवजात सेवा), 1930 (साइबर क्राइम) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) सहित 181 महिला हेल्पलाइन शामिल हैं।

पुलिस कर्मियों ने महिलाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या खतरे की स्थिति में वह बिना झिझक हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। इस अभियान में महिला आरक्षी प्रियंका (नं. 414) और कांस्टेबल इमरान खान (नं. 1380) की अहम भूमिका रही। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए आवश्यक जानकारी दी।

पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं तक सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी पहुंच सके। यह अभियान न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों से परिचित करा रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित समाज की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित भी कर रहा है।

## देवानंदपुर गढ़ी में हरियाली का संकल्प



### टाइगर सेविन समिति ने चलाया पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज से सटे देवानंदपुर गढ़ी ग्राम में हरियाली का संदेश गूंज उठा। टीम टाइगर सेविन समिति द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान में प्रकृति प्रेम और जिम्मेदारी का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने ग्रामीणों को भी प्रेरित कर दिया।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज के नजदीक स्थित देवानंदपुर गढ़ी ग्राम में समिति के कार्यालय परिसर को पौधों से सजा दिया गया। यहां आयोजित अभियान में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के दौरान 35 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इनमें आम, अमरूद, नीम और अन्य उपयोगी प्रजातियां शामिल रहीं, जो आने वाले समय में न सिर्फ पर्यावरण संतुलन बनाएंगी, बल्कि ग्रामीणों को भी लाभ पहुंचाएंगी।

समिति के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और घटती हरियाली को देखते हुए हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास ही भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के आसपास हरियाली बढ़ाने से वन्यजीवों को भी प्राकृतिक आवास और भोजन के स्रोत मिलेंगे। इस पहल को वन्यजीव संरक्षण से जोड़कर देखा जा रहा है, जिससे जैव विविधता को मजबूती मिलेगी। अभियान में समिति के सदस्य वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान, अजमेर सिंह, फातिमा रहमान, तबस्सुम जहां, गुरप्रीत सिंह और मनजीत सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में समिति ने लोगों से अपील की कि वह अपने घरों और आसपास खाली स्थानों पर पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें। साथ ही बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की ओर भी एक मजबूत संदेश देती है।

## धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्रामतिगरी मनकावाला में पवन कुमार के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजा का उत्साह वर्धन किया। उसके बाद संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में हरीराज सिंह गहलोत, पवन कुमार, राजन कुमार, पूनम कुमारी, प्रतीक्षा देवी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, संदीप भारद्वाज, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, विपिन चंद्र, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

## एक नजर

### ईस्टर संडे श्रद्धा के साथ मनाया



**राजा का ताजपुर।** प्रभु यीशु द्वारा मृत्यु पर विजय प्राप्त कर पुनर्जीवित होने की खुशी में ईस्टर संडे स्थानीय ऐतिहासिक चर्च में श्रद्धा के साथ मनाया गया। बाइबिल पाठ के उपरांत प्रभु यीशु आगमन के गीतों का गायन हुआ। चर्च में फादर सेम्युअल ने बाइबिल पाठ किया। उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए सूली पर चढ़ कर अपना बलिदान दिया। उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त की। ईस्टर संडे हमें मानवता क्षमा विश्वास सहयोग अपनाने का संदेश देता है। एक-दूसरे के बीच खुशियां बांटने का काम करें। यही इंसानियत है हम सबको इंसानियत कायम रखना चाहिए। कभी किसी का दिल नहीं दुखाना नहीं चाहिए। इस मौके पर लोरेस साइमन डिसूजा, अल्बर्ट एंथोनी आदि मौजूद थे।

### सीसी रोड का काम मानक अनुरूप



**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सीसी रोड का निर्माण मानक अनुरूप सामग्री से किया जा रहा है। यह सीसी रोड प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू होकर ग्राम के रविदास मंदिर तक बन रही है। यह महत्वपूर्ण मार्ग भागूवाला, श्यामीवाला, जालपुर, काठपुर, दहिरपुर, कोटसराय और सराय आलम जैसे कई गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ता है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सड़क का निर्माण कार्य कुछ ही दिनों में पूरा होने की उम्मीद है।

### करंट से संविदा कर्मी झुलसा



**नहटौर।** ग्राम बसावनपुर निवासी चेतन सिंह पुत्र राजेश सिंह, जो नहटौर बिजली घर पर संविदा कर्मचारी है। वह नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के पास 11000 वोल्टेज की विद्युत लाइन का जंपर ठीक करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से चेतन सिंह बुरी तरह झुलस गया और खंभे से नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे नहटौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल जाना।

### जन जागरूकता अभियान चलाया



**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम मालोनी में वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से संवाद किया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इसके साथ ही, घरों के आसपास पर्याप्त रोशनी और साफ-सफाई रखने के महत्व पर भी जोर दिया गया। ताकि वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों में न आएं। गर्मी के मौसम को देखते हुए वनों को आग से बचाने के लिए भी ग्रामीणों से विशेष अपील की गई। वनक्षेत्राधिकारी एनके रूवाली ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण आपसी तालमेल व समन्वय से वन्यजीवों के संरक्षण में योगदान देकर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहयोग करें। इस जनसंवाद कार्यक्रम में वनकर्मी और ग्रामीण भारत सिंह रावत, सूरत सिंह, ललित मोहन चंद्र, हुकुम सिंह, राम सिंह, जीत कौर और सुरजीत कौर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राघव चड्ढा ने आप के आरोपों का दिया जवाब

**नई दिल्ली।** आम आदमी पाट के अंदर बढ़ते राजनीतिक विवाद के बीच सांसद राघव चड्ढा ने अपनी ही पार्टी पर पलटवार किया है। पार्टी ने हाल ही में दावा किया था कि उन्होंने संसद में पंजाब से जुड़े मुद्दे नहीं उठाए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राघव चड्ढा ने इन आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पिक्चर अभी बाकी है।

### कहा-पिक्चर बाकी है, पंजाब मेरा घर, कर्तव्य और आत्मा

उन्होंने कहा कि पंजाब न केवल उनका घर है, 'बल्कि उनका कर्तव्य, मिट्टी और आत्मा' भी है। उन्होंने एक सांसद के तौर पर उठाए गए कई मुद्दों पर का जिक्र किया, इसमें ननकाना साहिब कॉरिडोर की वकालत करना, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग करना, पंजाब में घटते भूजल की समस्या का समाधान करना, भगत सिंह को 'भारत रत्न' देने की सिफारिश करना और कई दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। राघव ने कहा कि ये पूरा विवाद इसी हफ्ते की शुरुआत में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता के पद से राघव चड्ढा को हटाए जाने के बाद शुरू हुआ। इसके बाद आप सांसद ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा की टिप्पणियों के बाद आप के कई नेता उनके खिलाफ खुलकर सामने आ गए। उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा समझौता कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते हैं। राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उप-नेता पद से हटाए जाने के बाद लगे आरा. ेपों पर चड्ढा ने पलटवार किया। उन्होंने इन आरोपों को सुनियोजित हमला बताया।

## यूपी में प्रीपेड पीड़ित हो गई जनता

### स्मार्ट मीटर को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के एकाउंट में पैसे होने के बावजूद बत्ती गुल होने को लेकर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में 'प्रीपेड पीड़ित' नाम की एक नई श्रेणी पैदा हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से ही बिजली के लिए भुगतान कर दिया है, वे भी स्मार्ट मीटर की खामियों के चलते बिजली कटौती और तकनीकी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली



कंपनियों को पहले ही पैसा मिल जाता है, तो फिर आम जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों और सरकार के बीच तालमेल की कमी या मिलीभगत के कारण आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लोग बार-बार शिकायत करने और कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

### पहले जनगणना हो फिर महिला आरक्षण पर बात: सपा

**लखनऊ।** संसद की बैठक से पहले वर्ष 2029 में देश मे महिला आरक्षण लागू कराने के पीएम मोदी के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि पहले जनगणना कराई जाए फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए। यादव ने कहा कि जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा। महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है। आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 है तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है।

## लोस-विस सीटें बढ़ाना छोटे राज्यों के हित में नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकसभा तथा विधानसभा सीटों की परिसीमन संबंधी नीति को गलत बताते हुए उसको लेकर जारी प्रचार को भ्रामक बताया और कहा कि इस मुद्दे पर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि परिसीमन के जरिए सीटें बढ़ाना सिर्फ चुनाव जीतने की रणनीति है और पीएम मोदी इसको लेकर भ्रामक बयान देकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश के इस बयान का समर्थन पार्टी नेता मनीष तिवारी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन से

### पीएम की परिसीमन नीति गलत: जयराम रमेश

लोकसभा सीटों में प्रस्तावित वृद्धि से बड़े और अधिक आबादी वाले राज्यों को अनुपातिक रूप से अधिक लाभ मिलेगा, जबकि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ ही पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्वी राज्यों का प्रभाव कम हो जाएगा। कांग्रेस के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर 60 है, जो प्रस्ताव लागू होने पर 90 तक पहुंच सकता है, वहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर भी 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा।

# सड़क हादसों में पांच की दर्दनाक मौत

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल दो मजदूर सड़क पर तड़पते रहे पर नहीं मिली मदद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** बीती रात जनपद में हुए तीन सड़क हादसों में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। किरतपुर में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो मजदूरों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों मजदूर काफी देर तक घायल हालत में सडक किनारे तड़पते रहे, लेकिन समय पर मदद न मिलने के कारण उनकी जान चली गई।









प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम झलरा निवासी सलमान (25 वर्ष) पुत्र इरशाद और हारुन (35 वर्ष) पुत्र रियासत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। शनिवार को दोनों किसी काम से किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सराय इम्मा गए थे। वापस लौटते समय हनुमान धाम के पास हाईवे पर उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक घायल होकर सडक पर गिर पड़े। काफी देर तक दोनों घायल हालत में तड़पते रहे। उधर से गुजरने वाले किसी भी इंसान ने न तो उन्हें अस्पताल पहुंचाया और न ही पुलिस को सूचना दी। काफी देर बाद किसी तरह दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक सलमान अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जबकि हारुन के तीन मासूम बच्चों के सिर से भी पिता का साया उठ गया। गांव में हर आंख नम है।









उधर बीती रात करीब 10 बजे बिजनौर-किरतपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में ग्राम झलरा के पास दो कारों की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान हर्ष चौधरी (32 वर्ष) निवासी ग्राम फरीदपुर भोगी व मोहित (30 वर्ष) निवासी ग्राम गुजरपुरा के रूप में हुई। मोहित की गुरुद्वारा रोड, बिजनौर पर महालक्ष्मी नाम से डेयरी है। हादसे में गुरुद्वारा नई बस्ती बिजनौर के सेवादार रविंद्र सिंह घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतक मोहित का शनिवार को रिश्ता हुआ था। सेवादार रविंद्र सिंह मोहित के साथ उसके गांव गया था। दोनों गांव से लौट रहे थे।

वहीं चांदपुर-फीना रोड पर बीती रात करीब आठ बजे कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अब्दुल की मौत हो गई। जबकि अब्दुल का साथी रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया।

# आईबी व पुलिस की घेराबंदी से हड़कंप

## चार पुलिस हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** आईबी और पुलिस ने ग्राम सबलपुर बीतरा से चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। ये सभी लोग नजीबाबाद की जामा मस्जिद से जमात के मरकज कार्यक्रम से लौटे थे। यह कार्यवाही आईबी के इनपुट पर की गई थी। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस अधिकारी, स्वाट और आईबी की टीम ने ग्राम सबलपुर बितरा में बीती देर रात में छापा मारकर, नजीबाबाद जामा मस्जिद में जमात के मरकज कार्यक्रम से लौटे चार लोगों को हिरासत में लिया था। पुलिस की गांव की घेराबंदी और कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई घंटे तक जांच एजेंसियों ने उन्हें बरकतपुर मिल के गेस्ट हाउस में ले जाकर सघन पूछताछ की। देर रात एएसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह, कई थानों की पुलिस सबलपुर बीतरा में पहुंच गई। पुलिस ने पूरे गांव की घेराबंदी कर दी। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को गांव से बहार नहीं जाने दिया। संयुक्त अभियान में नासिर, जाकिर, सलीम और कसीम को जांच टीम ने हिरासत में ले लिया। आईबी को इनपुट था कि ये सभी लोग बाहरी है और संदिग्ध है, लेकिन ये सभी लोग सबलपुर बीतरा के निकले। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। जिसमें चारो लोग ई रिक्शा से गांव आते दिखाई दिए। पुलिस ने पूछताछ के बाद चारों लोगों को परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर

### प्रतिबंधित लकड़ी से भरी तीन बुग्गी पकड़ी



**बढ़ापुर।** बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान रेंज के अंतर्गत आने वाली रामजीवाला बीट से तीन लकड़ियों से भरी बुग्गी पकड़ी है बग्गियों में प्रतिबंधित कुकाट की लकड़ी भरी हुई थी। लकड़ियां अवैध रूप से जंगल से काटकर लाई जा रही थी। तीनों बुग्गी ग्राम पक्कातालाब निवासी सलमान, ताहिर और सईद अहमद की है। तीनों बग्गियों को रेंज कार्यालय लाकर सीज की कार्रवाई की गई है। ये लकड़ियां जंगल से अवैध रूप से काटकर कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर बेची जाती थी। वहीं वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कस्बे में स्थित लकड़ी की टाल पर भी कार्रवाई की गई है। टाल से लकड़ी बरामद कर रेंज कार्यालय में रखवाई गई है और चेतावनी दी गई है कि लकड़ी माफियाओं द्वारा जंगल से काटी गई अवैध रूप से लकड़ियों को न खरीदें, बल्कि वन विभाग को सूचना दें।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नूरपुर।** ग्राम लोदीपुर मिलक निवासी गोपाल सिंह तीन अप्रैल को अपने बच्चों के साथ गोहवर मेले में बाइक से आए थे। गोपाल सिंह ने बाइक मेले के बाहर खड़ी की और बच्चों के साथ मेला देखने चेले गए। जब व वापस लौटे, तो उन्हें बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो दिन बाद अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोर का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्ठि की है।

### समाधान दिवस में 35 शिकायतें दर्ज




**नगीना।** तहसील सभागार में नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा और सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को होता है। इस बार भी प्राप्त शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के कर्मचारियों को जांच के लिए सौंपा गया। अधिकारियों को जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा और सीओ डा.अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अधिकारियों को फरियादियों की शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच करने और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह राणा, नायब तहसीलदार बढ़ापुर श्याम सुंदर बैंस, बीडीओ ज्योति चौधरी सहित नगर पालिका, विद्युत, पुलिस और सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### जेल में बंद विदेशी कैदी की अस्पताल में मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** लुक्सर जेल में बंद एक बीमारी नाइजीरियन कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विदेशी नागरिक एनडीपीएस एक्ट के मामले में कई सालों से जेल में बंद था। कैदी लंबे समय से फेफड़ों की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसे कई बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। बीमारी बढ़ने पर कल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला इकोटेक-1 थाना क्षेत्र का है, फिलहाल पुलिस और जेल प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुटा है।

# ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत

## ट्रैक पार करते समय हादसा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** थाना किरतपुर क्षेत्र में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

प्राप्त समाचार के अनुसार सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान सुमित्रा (70 वर्ष) पत्नी बाबूराम, निवासी ग्राम चतर भोजपुर कुशल उर्फ नंगला, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, सुमित्रा घर से अपनी पुत्री सुमन के यहां ग्राम रामनगर मौजमपुर जाने के लिए निकली थीं। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक वह तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को जानकारी दी गई।

घटना की सूचना पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस हृदयविदारक घटना से ग्राम में शोक का माहौल बना हुआ है।

# गैस एजेंसी पर भाकियू का धरना

## कालाबाजारी के गंभीर आरोप, जांच की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने इंडेन गैस एजेंसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार संगठन ने एजेंसी पर कालाबाजारी करने और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया। किसानों और उपभोक्ताओं की शिकायत है कि, लंबे समय से गैस की किल्लत बनी हुई है। कई लोगों को बुकिंग के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहे, जबकि खुले बाजार में ऊंचे दामों पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस स्थिति से आम जनता परेशान है और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है।

धरने में शामिल भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि गैस एजेंसी की जांच कराई जाए और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जाए। उधर एजेंसी प्रबंधक के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।


वहीं इस प्रदर्शन ने नूरपुर क्षेत्र में एलपीजी वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोजमर्रा की जरुरतों के लिए गैस सिलेंडर अनिवार्य है और इसकी कालाबाजारी से आम जनता का जीवन कठिन हो रहा है।

## कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या, तीन सोसाइड नोट मिले

**किरतपुर।** ग्राम आलोपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव निवासी अमर सिंह ने कथित तौर पर कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ सिटी व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ सिटी से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक का अपने पड़ोसी भूपेंद्र सिंह आदि के साथ रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में अमर सिंह ने तहसील नजीबाबाद में पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन विपक्षी भूपेंद्र सिंह द्वारा कोर्ट से स्टे ऑर्डर प्राप्त कर लिया गया था, जिसमें यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब मृतक के पास से तीन सुसाइड नोट बरामद हुए, जो डीएम को संबोधित बताए जा रहे हैं। इन सुसाइड नोट्स में मृतक ने पड़ोसी भूपेंद्र सिंह द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने और स्थानीय पुलिस पर समय रहते कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

# वन विभाग के पिंजरे में फंसा आदमखोर गुलदार

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। करीब बीस दिन पहले 10 वर्षीय बालिका अदिति को अपना शिकार बनाने वाला आदमखोर गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार तेंदुआ आज सुबह करीब 11 बजे मुकर्रमपुर के जंगलों में इंद्रपाल सिंह के खेत में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में फंसा। तेंदुए के पकड़ जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए।

वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को सुरक्षित कब्जे में लिया और उसे रेंज कार्यालय ले गई।

ग्रामीणों के अनुसार, पकड़े गए तेंदुए के अलावा क्षेत्र में एक और गुलदार देखा गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी है और अन्य गुलदारों को भी पकड़ने की मांग की है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में अपनी निगरानी जारी रखे हुए है ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। विगत 15 मार्च को ग्राम मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार की 10 वर्षीय पुत्री अदिति को जंगल से आते समय गुलदार ने हमलाकर मौत के घाट उतार दिया।

# महर्षि कश्यप एवं निषाद गुहाराज जयंती मनाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कश्यप समाज द्वारा इंदिरा बाल भवन में महर्षि कश्यप एवं निषाद गुहाराज जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कश्यप समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन कश्यप समाज की जयंती कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु कश्यप (डायरेक्टर मर्सी अस्पताल) के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेते हुए समाज की एकजुटता और विकास पर बल दिया।

कार्यक्रम में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप, संचालक दीपक कुमार कश्यप, बसपा जिला संयोजक विजेंद्र कश्यप, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेश कश्यप, संगठन जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा नवीन कश्यप, मोहन सिंह कश्यप, पवन कश्यप, तरुण कश्यप, नरेश कश्यप, जीत सिंह कश्यप, धनिराम कश्यप, प्रीतम सिंह कश्यप, राहुल कश्यप समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बदायूं सांसद शशि रानी कश्यप, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सविता कश्यप, सपा नेता अमित कश्यप, रानी कश्यप, गायक लखन सिंह कश्यप, ठेकेदार कैलाश कश्यप और शिव कुमार कश्यप सहित समाज के कई प्रमुख लोग शामिल हुए।

इस मौके पर अध्यक्ष हिमांशु कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि कश्यप और निषाद गुहाराज का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षा, एकता और संगठन के बल पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह अपने इतिहास और महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज को एकजुट होकर सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना समय की मांग है। समारोह का समापन शहर में शोभायात्रा, आकर्षक झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना सुबह करीब छह बजे कोटद्वार रोड स्थित भारत टॉकीज ओवरब्रिज पर हुई।

पुलिस के अनुसार मौहल्ला पठानपुरा निवासी अफजाल अहमद (30 वर्ष) और नाजिम (50 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से नगीना जा रहे थे। भारत टॉकीज ओवरब्रिज पर उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने





तुरंत उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने अफजाल अहमद को मृत घोषित कर दिया। नाजिम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीएचसी समीपुर रैफर किया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

अफजाल अहमद की मौत के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सड़क दुर्घटना में मौत के बाद अफजाज के परिजनों ने किसी भी पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। अफजाल के शव को सुपुर्देखाक किया गया।

# पूर्व सांसद के समर्थन में भाजपा नेता एकजुट

## घटना की कड़ी निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चर्चित तालिब प्रकरण में अब सियासी हलचल तेज हो गई है। विपक्षी नेताओं के एकजुट होने के बाद अब भाजपा नेता भी खुलकर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र के समर्थन में सामने आ गए हैं। नौ अप्रैल को सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बिजनौर दौरे से पहले जनपद में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के गांव ठांट जट में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के आवास पर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक ओम



कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप, पालिका चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, संजीव सेठजी, ब्लॉक प्रमुख ज्जवल चौहान तथा क्षमा हेमलता चौहान सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

बैठक के दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र के साथ हुई घटना की घोर निंदा की और कहा कि इस मामले में वे पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े हैं। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह घटना गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण की जानकारी शीघ्र ही सीएम योगी आदित्यनाथ को दी जाएगी, ताकि मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

गौरतलब है कि इससे पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने भी डीएम ज्ञापन सौंपकर इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। ऐसे में यह मामला अब राजनीतिक रूप से और भी गर्माता जा रहा है और जनपद में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। कुल मिलाकर, तालिब प्रकरण अब राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन चुका है, जिस पर सभी दलों की नजरें टिकी हुई हैं।

# महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम के साथ मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसडीएम तिराहा निकट स्थित हरफूल सिंह कश्यप के आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर समाज के जनकल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुतियां देकर समाज की और देश की खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात महर्षि कश्यप की आरती की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह कश्यप, हरफूल सिंह कश्यप, गुलाब सिंह कश्यप, जय कुमार कश्यप, अनिल कश्यप, प्रदीप कश्यप, राजकुमार कश्यप, शिवम कश्यप, शिवानी कश्यप, बिरजा. ेवती कश्यप, शोभा कश्यप आदि शामिल रहे।

# सीओ कार्यालय पर नारेबाजी

## युवक की मौत के मामले में कार्यवाही न होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम फजलपुर हबीब में लगभग दस दिन पूर्व हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय का घेराव कर जम कर नारेबाजी की।

मालूम हो कि विगत 25 मार्च को ग्राम निवासी राज बाला के पुत्र अखिलेश को उसका साथी अरविंद अपने साथ लें गया था। बताया जा रहा है कि ग्राम महाव. तपुर नहर पटरी के समीप दोनों ने बैठ कर शराब पी थी। इसके बाद दोनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सक ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया था। ग्रामीण और परिजन आज भारी संख्या में तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दस दिन बीत जाने तथा अरविंद के खिलाफ नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपी अरविंद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। परिजनों का आरोप है कि अखिलेश के साथी अरविंद ने ही अखिलेश को शराब में जहर दिया था। जिसके चलते उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े हुए थे।

उधर सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी भी पार्टी नेताओं के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी हर पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़ी हुई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद अमित कुमार ने बताया कि मृतक अखिलेश के पोस्टमार्टम की बिसरा रिपोर्ट जांच हेतु भेजी गई है। आरोपी अरविंद ने जहरीली शराब का सेवन किया था। जिससे उसकी हालत खराब हो गई थी। वह भी अस्पताल में भर्ती था। अस्पताल से छुट्टी के बाद ही आरोपी व्यक्ति से पूछताछ की जाएगी।

## एक नजर

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी दबोचा



**रेहड़।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। किशोरी अपने दादा के घर खाना बनाने जा रही थी, तभी एक युवक ने उसे जबरन अपने घर में खींच लिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बीते शुक्रवार सुबह की है। पीड़िता के पिता द्वारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, उनकी नाबालिग बेटी दादा के घर खाना बनाने जा रही थी। इसी दौरान रायपुरी निवासी एजाज अहमद ने किशोरी को अकेला पाकर बुरी नीयत से जबरन अपने घर में खींच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। मामला अलग-अलग समुदाय का होने के कारण लोगों में आक्रोश फैल गया और पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी एजाज अहमद पुत्र आबिदउल्ला उर्फ हफिजुर्रहमान निवासी रायपुरी, थाना रेहड़ के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### ईख के खेत में मिला मृत शावक

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में आज वन विभाग को दोहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। एक ओर जहां विभाग ने पिंजरा लगाकर एक गुलदार को पकड़ने में सफलता हासिल की, वहीं दूसरी ओर शाम होते-होते एक शावक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से मुकर्रमपुर और आसपास के इलाकों में गुलदार की सक्रियता से ग्रामीण भयभीत थे। वन विभाग ने गांव के पास पिंजरा लगाया था। एक गुलदार शिकार की तलाश में पिंजरे में फंस गया। वन विभाग की टीम ने गुलदार को कब्जे में लेकर सुरक्षित रेंज कार्यालय भेज दिया। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीण अभी राहत की सांस ले ही रहे थे कि शाम के समय पिंजरे वाले स्थान से कुछ ही दूरी पर स्थित एक ईख के खेत में गुलदार का शावक मृत अवस्था में मिला। शावक का शव मिलने की सूचना से वन विभाग के अधिका. रियों में खलबली मच गई। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मृत शावक को अपने कब्जे में लिया। वन विभाग के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए गुलदार को रेंज कार्यालय भेज दिया गया था और इसी क्षेत्र से एक शावक का शव भी बरामद हुआ है। विभाग ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि शावक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मौत की असल वजह जानने के लिए शावक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### हज यात्रियों को दिया प्रशिक्षण

**चांदपुर।** वृंदावन गार्डन पर आयोजित कार्यक्रम में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज व उमरा का तरीका कुरान व हदीस के मुताबिक जानकारी उपलब्ध कराई गई। मुफ्ती अब्दुल कादिर ने हज पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों को हज के अरकान तरीका बताया। जबकि डा. शहादत हुसैन ने भी हज पर जाने वाले महिला एवं पुरुषों को हज करने के तरीकों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हज व उमरा पर जाने वालो ने कार्यक्रम में शरकत की। कार्यक्रम का आयोजन करने वाले अफजल फारूकी, डा. शहादत हुसैन, दिलशाद अहमद, बहार आलम, रफीउज्जमा उर्फ आशि ठेकेदार, नईम अहमद, मेहर आलम, नफीस अहमद, मौहम्मद शाहरुख, शमीम अहमद, हाजी नफीस अहमद, अयूब अहमद, रऊफ ठेकेदार, नाजिम खान शामिल रहे। वहीं डा. जुनैद बदर ने चिकित्सा किट बांटी और कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया।

# पुलिस ने लापता को परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** करीब 25 साल पहले लापता हुआ एक व्यक्ति नहटौर पुलिस की मदद से अपने परिवार से दोबारा मिल गया, लेकिन इस लंबी दूरी ने रिश्तों की तस्वीर पूरी तरह बदल दी। उसकी वापसी ने जहां परिवार को एक खोया सदस्य लौटा दिया, वहीं पुराने रिश्तों के सामने नए सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

मौहल्ला नया बाजार में एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपनी सुरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की। उसकी मान. सिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही थी, जिससे पहचान करना आसान



नहीं था। काफी प्रयासों के बाद व्यक्ति ने पंजाब स्थित अपने घर का पता बताया। नहटौर पुलिस ने संबंधित थाने से संपर्क कर उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई। पुलिस की इस सतर्कता से एक लंबे समय से बिछड़ा रिश्ता फिर जुड़ने की कड़ी बन गया। परिजनों ने बताया कि यह व्यक्ति पांच भाइयों में तीसरे नंबर का है और करीब 25 साल पहले, जब वह लगभग 30 वर्ष का था, मानसिक परेशानी के कारण घर से चला गया था। परिवार ने उसे काफी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। समय के साथ उम्मीदें भी खत्म हो गई थीं। जब व्यक्ति लापता हुआ था, तब वह विवाहित था। सालों तक उसके वापस न लौटने पर परिवार ने सामाजिक परंपराओं के तहत उसकी पत्नी का विवाह उसके छोटे भाई सूचा सिंह से करा दिया। अब वर्षों बाद उसकी वापसी ने इस रिश्ते को जटिल बना दिया है। परिवार के लिए यह पल एक ओर खुशी लेकर आया, तो दूसरी ओर भावनात्मक उलझनें भी पैदा कर गया। एक तरफ खोया हुआ सदस्य मिल गया, वहीं दूसरी तरफ वर्तमान पारिवारिक संरचना के बीच संतुलन बनाना चुनौती बन गया है। नहटौर पुलिस की सक्रियता और संवेदनशीलता से यह संभव हो पाया। परिजन पंजाब से नहटौर पहुंचे और पहचान होने के बाद व्यक्ति को अपने साथ ले गए। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की।

# मुठभेड़ में दो गौकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस देर रात एक मुठभेड़ के दौरान दो शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तुक्मापुर के जंगल में गौकशी की घटना होने वाली है। घेराबंदी के दौरान रिसाइकल प्लांट के पास बाइक और कार सवार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बाइक फिसलने से एक अभियुक्त घायल हो गया, वहीं कार सवार बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में मुख्य अभियुक्त के पैर में गोली लगी।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान वाहिद उर्फ टल्ली और अल्ताफ निवासी मौहल्ला कलालान, नगीना के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से करीब 55 किलो गौमांस और गौवंशीय अवशेष सामान बरामद किए। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार और एक बाइक, एक अवैध तमंचा, कारतूस और पशु वध के उपकरण भी बरामद हुए हैं।

मुख्य अभियुक्त वाहिद उर्फ टल्ली के खिलाफ विभिन्न थानों में गौकशी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के 25 मामले दर्ज हैं। वहीं अल्ताफ के खिलाफ चोरी और लूट जैसे 24 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लकड़ी मामले में वांछित एक आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी काटने, वन विभाग की टीम से अभद्र व्यवहार करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में वन विभाग की ओर से तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

चार दिन पूर्व अमानगढ़ रेंज के वन दरोगा नरेश कुमार को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से मिश्रित जलौनी लकड़ी काट रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक पिकअप वाहन को कब्जे में लेने का प्रयास किया। वन विभाग के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और वन कर्मियों से नोकझोंक करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। साथ ही अभद्र व्यवहार और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाते हुए। वन दरोगा की तहरीर के आधार पर शमशेर सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम मलौनी थाना रेहड़, लखवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, मदन सिंह राणा सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित आरोपी शमशेर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सूत्रों की माने तो वन विभाग द्वारा पकड़ी गई जलौनी लकड़ी की मात्र चार कुंतल बताई जा रही है। वहीं, भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह मामला राजनीतिक दबाव के कारण तथा भाकियू द्वारा वन विभाग से प्रतिबंधित अवैध लकड़ी कटान की घटनाओं को उजागर करने को लेकर वन विभाग भाकियू कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। अमानगढ़-नगीना रेंज में हालिया कार्रवाई के बाद अवैध लकड़ी कटान करने में हलचल देखी जा रही है।

# पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में पूर्व उप प्रधानमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती मनाई गई। गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनकी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबूजी का पूरा जीवन



वंचितों, शोषितों और दलितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतीश गौतम (पूर्व विधायक), रवि मालवा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन यूथ आर्मी), रोहित कुमार रवि (प्रांतीय पार्षद, उत्तर प्रदेश भाजपा), सुगमचंद प्रधान (अध्यक्ष, अंबेडकर स्मारक समिति) के अलावा बाबू चंद्रपाल सिंह, विक्रम बौद्ध, विश्वास राव, सभासद सोहन सैनी, सभासद डा. भूपेश चौहान, शैलेंद्र राव, पवन सिंह एड., प्रभान सिंह चौधरी, आलोक प्रधान, डेविड प्रधान, मनोहर सिंह, छोटे लाल और सुमित पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पुष्पांजलि अर्पित की।

# 'एक शाम वली अंजुम के नाम' मुशायरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीती रात शेख शफीक मार्केट अहाता में 'एक शाम वली अंजुम के नाम' मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

बज्मे कमर धामपुर द्वारा आयोजित मुशायरे में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों और कवियों ने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम की सदारत जहीर अहमद खान ने की। निजामत नौशाद आलम शाद अलीग ने की। इस मौके पर अबुल हसन राही, वली अंजुम, इलियास प्रिंस और इरशाद मंसूरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी रही। मुशायरे में शायरों व कवियों ने मोहब्बत, रिश्तों, समाज और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित एक से बढ़कर एक अशआर पेश कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। एक



## शायरों ने पेश किए कलाम

शायर ने कहा 'बच्चों की खातिर बाप ने हर ख्वाहिश कुर्बान की, वरना उसकी भी जिंदगी में कितनी उड़ान थी।' वहीं एक अन्य शायर ने 'रिश्तों की कीमत अब कोई समझता ही नहीं, हर शख्स के दिल में बस दौलत की दुकान है।' शेर-ओ-शायरी के साथ-साथ कार्यक्रम में पहेलियों व मज़ाहिया शायरी का दौर भी चला। जिसने श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। एक पहेली थी, 'ऐसी कौन सी चीज है जो जितनी बढ़ती है, उतनी कम दिखाई देती है?' जिसका सही जवाब 'अंधेरा' था।

बशारत हुसैन बशर शेरकोटी, शमीम गुल अफजलगढ़ी, डा. नजाकत हुसैन साकिब, वीरेंद्र बेताब शफक्कत भारती, कमर धामपुरी और इस्माईल गौहर जैसे कई शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम से महफिल को सजाया।

इस मौके पर शेख इस्लामुद्दीन, शेख मौहम्मद जैद, इस्माइल हिंदुस्तानी, जमशेद लारा कुरैशी, मौहम्मद रिजवान, मास्टर शमीम अंसारी, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मौहम्मद दिलशाद, अशरु सिद्दीकी, अकरम सिद्दीकी, सलीम अंसारी, नसीम अहमद, मुकीम कुरैशी, हकीम नहटौरी, जाहिर वकील और इमरान रजा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

पूरी रात श्रोताओं ने वाहवाही और तालियों की गूंज के साथ शायरों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी मेहमानों और शायरों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में अदब, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## INFORMATION

I have changed my name from Saleem Akhtar to Saleem Akhter S/o Mohd. SADDIQUE R/o Moh. Shekhan Kasba Sherkot District Bijnor for all purposes.

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम सलीम अख्तर SALEEM AKHTAR से बदलकर SALEEM AKHTER S/O MOHD SADDIQUE निवासी मोहल्ला शेखान, कस्बा शेरकोट, जिला बिजनौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

# बंद घरों में चोरी का खुलासा

## एक गिरफ्तार माल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** दो अलग-अलग बंद घरों में चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात चोरों ने स्थानीय मौहल्ला तराई निवासी फरीद के घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। जबकि नगर के ही मौहल्ला बकर कस्साबान निवासी बहार अहमद के पुत्र अलमास के बंद मकान से भी चोरों ने चोरी कर फरार हो गए थे। घटना की सूचना घर स्वामियों ने जैसे ही पुलिस को दी पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने चंद घंटों में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नफीस पुत्र इदरीस, निवासी मौहल्ला मिर्दगान, थाना व कस्बा बिजनौर बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा सहित अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। हालांकि, इस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश अभी जारी है। वही थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सक्रिय रूप से बाकी आरोपियों की खोज में जुटी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पुलिस की इस फूर्तली कार्रवाई से पीड़ित परिवारों ने राहत की सांस लेने के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है।

## शील्ड देकर बच्चों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटद्वार रोड नजीबाबाद में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का मूल्यांकन कर समारोह में बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ में माता सरस्वती की आराधना, दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एड. , प्रधानाचार्या ममता सिंह चौहान एवं उप प्रधानाचार्य सुनीता सिंह ने किया। सम्मानित बच्चों की प्रतिभा में प्रतिदिन वेल ड्रेस से ओमान्स, जसमीत कौर, मान्या शर्मा, मौहम्मद हसनैन, सिदरा, गौरांग, खदीजा, उजेफा, अवनी, शुभ, लीबा, अदीब खान, उस्मान अली, भव्या, अनाया, गुरनूर, उवेश रहे। कार्तिक भारद्वाज, भूमिका, हर्षप्रीत, केशव यादव, आस्था, शगुन, कर्मजीत, अक्षित, हादिया, आरुषि, आफिया, सिद्धार्थ आदि छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

# कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** राष्ट्र निर्माण एवं सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ संस्कार महोत्सव एवं प्रज्ञा पुराण कथा के शुभारंभ पर नगर में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। मौहल्ला चमनवाला से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार तथा गायत्री परिवार शाखा हल्दौर के सहयोग से भूमि विकास बैंक के समीप आयोजित इस महायज्ञ के प्रथम दिवस 108 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अनुशासित रूप से शोभायात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने विधि-विधान से देव आह्वान एवं कलश पूजन कराया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में नारी सम्मान, सामाजिक सुधार एवं नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं संस्कृति का उत्थान होता है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर सदाचार अपनाने तथा बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। कलश यात्रा के दौरान एक बनेंगे नेक बनेंगे, बेटी पढ़ाओ, बेटी को संस्कारवान बनाओ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीतू चौहान, कौशल सिंह, कृष्णा देवी, सुदेश चौधरी, पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज, नरेश सैनी, पुखराज सिंह, समर सिंह, विनोद चौहान, रजनीश चौहान, शशि, शोभा रानी, रजनी चौहान, निधि राजपूत, रेखा, प्रेमवती, सीमा, मंजू, मोनिका, सरिता, नूतन, बबीता, ज्योति, मिथिलेश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। चार दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन यज्ञ, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा।

## महर्षि कश्यप जयंती पर हवन-पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र बन गया। जहां कश्यप समाज द्वारा महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित संतोष कुमार शर्मा के सान्निध्य में विधिवत हवन-पूजन के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति दी और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। जयंती के अवसर पर महर्षि कश्यप के चित्र पर फूल-मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समाज के लोगों ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। हलवे का भोग लगाकर कन्याओं के चरण स्पर्श किए गए। जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस परंपरा ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

कार्यक्रम में ग्राम के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि कश्यप के योगदान और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में लेखराज कश्यप, सचिन कश्यप, बिलकेश कुमार, राजू कुमार, रीगल कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, केशव कुमार, अंकुल कश्यप, शिवम रोहित कश्यप, विशाल कश्यप, गौरव कश्यप, पंकज कुमार, दिवाकर, परवेन्द कश्यप, लवकुश, दिपान्शू, अजय कश्यप, विशाल, राकेश कश्यप, संजीव कुमार और ललित कश्यप सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में एकता, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम भी साबित हुआ।

# अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन

## 13 अप्रैल को टीईटी के विरोध में निकाला जाएगा मशाल जुलूस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई विभाग में स्थित फिल्ड हॉस्टल में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार के संचालन में जनपद के विभिन्न संगठनों की टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रांतीय निर्देश पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का जिला स्तरीय गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अटेवा जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाराज, टीएससीटी जिलाध्यक्ष नवाब आलम, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार एवं उर्दू बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान को जिला संयोजक एवं अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ज्योति प्रकाश गहलोत, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी अज़हर जमाल, टीएससीटी के जिला प्रवक्ता नीरज कुमार वर्मा एवं जूनियर हाई स्कूल के जिला उपाध्यक्ष आदेश पाल को जिला सहसंयोजक मनोनीत किया गया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी पश्चिमी उ.प्र. नौबाहर सिंह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरशद जमाली को संरक्षक मनोनीत किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी पदा. धिकारियों ने 13 अप्रैल को होने वाले टीईटी के विरोध में मशाल जुलूस की सफलता पर विचार व्यक्त करते हुए रणनीति तैयार की।

इस मौके पर चंद्रहास सिंह, मोबीन हसन, राजेश कुमार, रवि, उमेश कुमार राजपूत, रामौतार सिंह, मौहम्मद अरशद जमाली, सुधाराज सिंह, नवाब आलम, आदेश पाल, विनीत कुमार गहला. `त, नवनीत कुमार भारती, विजेंद्र कुमार, नवाब शाहकार फारुकी, अजहर जमाल, डा. मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद अरशद जमाली आदि ने विचार व्यक्त किया।

## संवाद लाइव सेशनल शो वीडियो कान्फ्रेंसिंग इवैंट 12 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नजीबाबाद।** अम्बेडकर जयंती उत्सव पर सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया का संविधानिक, सामाजिक कर्तव्य व अधिकार विषय पर दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशनल शो वीडियो कान्फ्रेंसिंग इवैंट 12 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर संयोजित किया जा रहा है। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन शो के एंकर गोल्ड मेडलिस्ट आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य ने मुख्य संयोजक के रूप में बताया कि इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट भारत के चेयरमैन जगदम्बा प्रसाद सिंह चीफ गेस्ट, हरिद्वार यूनिवर्सिटी रूड़की (उत्तराखंड) के एसोसिएशन प्रोफेसर एवं शिक्षाविद डॉ. रविन्द्र आर्य, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद डॉ. रविन्द्र आर्य, इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद को डायरेक्टर एकेडमिक एवं प्राचार्य डॉ. अंजना राजपूत, चंदकिरण वर्मा देहरादून की अध्यक्षता में संयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लोकार्थ, व्याख्यान, संगीतमय भजन व काव्यपाठ सत्र भी होंगे। जिसमें देश विदेश से सम्मानित महान विभूतियों में वैज्ञानिक, शिक्षाविद, वक्ता एवं प्रवक्ता, गायक, विद्वान विदुषी, कवि, अभिनेता, लेखक व साहित्यकार, तपो. निष्ठ सन्यासी एवं धर्म प्रवक्ता आदि सहभागिता करेंगे। सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया द्वारा इवैंट इन्विटेशन एवं प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है और टीम द्वारा समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है।

## एक नजर

### हनुमान जी को चोला चढ़ाया

**नजीबाबाद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर रमेश नगर में पंडित सुनील शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण सहित विधिवत पूजन अर्चना की गई। धार्मिक कार्यक्रम में हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया तथा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के कार्यक्रम का समापन कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक भजन कीर्तन किया। इस अवसर पर सुमन वर्मा, मोना, मीनाक्षी अग्रवाल, पुष्पा वर्मा, सीमा, ऋचा रचना, उर्मिला, सीमा, सुशील, मधु शर्मा, ज्योति शर्मा, संगीता, निरंजन, रमेश वर्मा, विनीत, रिंकू, सचिन अग्रवाल, प्रदीप, सक्षम, दिव्यम, आरव, अशोक, सुमित, अतर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### महर्षि कश्यप जयंती मनाई



**नजीबाबाद।** नांगल में महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप को नमन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित कश्यप समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें राहुल कश्यप, राधेश्याम कश्यप, धूम सिंह कश्यप, ऋषि राम कश्यप, मिंटू कश्यप, शिवकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, विक्की कश्यप, नीरज कश्यप, मोहित कश्यप, आशु कश्यप, अंकित कश्यप और साजन कश्यप प्रमुख थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि महर्षि कश्यप को हिंदू धर्म में सृष्टिकर्ता प्रजापति, एक महान तपस्वी और सप्तऋषियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कश्यप संहिता नामक एक महत्वपूर्ण ग्रंथ की रचना की। यह ग्रंथ आयुर्वेद में बाल रोग चिकित्सा और स्त्री रोग विशेषज्ञता पर एक आधारभूत ग्रंथ माना जाता है। इसमें इन क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान समाहित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वर्तमान कश्मीर पहले एक विशाल झील थी। महर्षि कश्यप ने अपनी तपस्या के बल पर इस झील का जल निकालकर इसे रहने योग्य बनाया। कश्मीर नाम का मूल भी कश्यप ऋषि से ही जुड़ा है।

### लकड़ी के फट्टे के साथ गिरफ्तार

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वादनी प्रेमवती पत्नी गोविंद निवासी गौतमनगर जलालाबाद द्वारा थाने पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तगण अरविंद, धर्मेन्द्र पुत्रगण मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर, सतीश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम भरैकी, थाना किरतपुर ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त अरविंद पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम दयालवाला थाना मंडावर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का फट्टा बरामद किया।

### पुस्तक वितरण कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद से प्रारंभ रैली को ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व बीईओ राजमोहन ने संयुक्त से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन के नेतृत्व में निकाली गई रैली बीआरसी/पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर महल सराय, पाईबाग, भवन, नवाबपुरा होते हुए बीआरसी पर जाकर समाप्त हुई, जहां पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल व खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने परिषदीय बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम में पूर्व बीआरसी समन्वयक मोबीन हसन, एआरपी डॉ. राहुल वर्मा, रितेश भाटिया, शहनाज, प्रतिज्ञा, सुनिल, रामी, शिवम कुमार, अरूण, रंजीत यादव, नाजिम, शहनाज, हुमा परवीन, कुमुद, आसमा, सारिका, शरद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एआरपी राहुल वर्मा द्वारा स्कूल चलो अभियान पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। एआरएपी रितेश मारिया द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर का वार्षिक परीक्षाफल एम. अकरम खान एड. ने घोषित किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा प्री नर्सरी में अरहान प्रथम, सुहान द्वितीय, आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी में नमन कुमार प्रथम रहे। एलकेजी में कुमारी अनबिया प्रथम, बिलाल द्वितीय, रूकैया परवीन ने तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एक में मौम्मद रियान प्रथम, हुमारा द्वितीय, आरव तृतीय है। कक्षा दो में मौहम्मद जावेद प्रथम, अरहम द्वितीय, इसरा तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा तीन में जोया प्रथम, नमीरा द्वितीय, सुफियान तृतीय रहे। कक्षा चार में आफिया परवीन प्रथम, कुमार आलिया परवीन द्वितीय, मौहम्मद फैज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच में मौहम्मद सुफियान प्रथम रहे। कक्षा छह में मौहम्मद अफसान प्रथम, जतिन द्वितीय रहे। कक्षा सात में कुम्हारी हनी ने प्रथम तथा कक्षा आठ में अरीबा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# वार्षिक उत्सव मंथन 2026 का समापन

## डिवेट प्रतियोगिता मे वेदांश भारद्वाज प्रथम व अदिति राजपूत दूसरे स्थान पर रही







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिजनौर में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव 'मंथन' का शनिवार को समापन हो गया।

समापन समारोह में प्रसिद्ध गायक एमसी स्क्वायर का स्वागत सोसायटी के अध्यक्ष योगेंद्र देशवाल, सचिव अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, डा. कुलदीप अहलावत, डा. दिग्विजय, मैनेजिंग ड़ायरेक्टर सन्नी देशवाल व जतिन अहलावत, समस्त प्रबंधन समिति के सदस्यों और आरवीआईटी के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल फार्मेसी के निदेशक डा. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, चीफ प्रोक्टर विनीत कुमार, डीन अकेडमिक डा. जीशान अहमद, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कोआर्डिनेटर डा. आशुतोष कंसल, डा. तान्या गुप्ता व सभी विभाग अध्यक्ष डा. सैयद ततहीर अब्बास नकवी, मोहिन्द्र सिह, विमल कुमार, सैयद हैदर एवं उज्जवल पाठक आदि द्वारा किया गया। इसी के साथ मुख्य अतिथि अनिल कुमार, कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उ.प्र. सरकार, चंदन चौहान, सांसद लोकसभा बिजनौर, विशिष्ट अतिथि प्रभात तोमर, मंडल अध्यक्ष सहारनपुर, दुर्गेश कुमार जनरल मैनेजर (आईटी) और चीफ इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर, एनएचपीसी और समस्त प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्जलीत कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि जिस गति से हमारा देश आगे बढ़ रहा है आज निश्चित रूप से हम लोग यह कह सकते हैं कि टेक्नोलॉजी का जमाना है और किसी भी चीज को गति देने के लिए टेक्नोलॉजी की आवश्यकता पड़ती है अगर हम चाहते हैं कि 2047 तक हम अपने देश को विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं, तो उसके लिए जो हमारा देश का भविष्य है वो हमारे विद्यार्थी हैं उनकी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने देश के लिए काम करें।

संस्थान के अध्यक्ष योगेंद्र देशवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि नवाचार और प्रतिभा का एक मंथन है जो यह हमारा उत्साह बढ़ता है। बच्चों में खेल की भावना लाता है, प्रतियोगिता की भावना लाता है और पढ़ाई में भी हर तरह से एक एक्टिविटी लेकर आता है हर वर्श अच्छा करते जाते हैं। इससे बुद्धिमत्ता और नवाचार देखने को मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आपकी रचनात्मक कला ने हम सभी का मनमोहन लिया है। आरवीआईटी परिवार का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है बल्कि भविष्य में जिम्मेदार नागरिक राष्ट्र निर्माता तैयार करना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी अपने जीवन में ऊंचाइयों को छुएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

संस्थान के सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि यह हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा मेहनत और रचनात्मकता का उत्सव है। टेक्नोलॉजी के इस युग में हमारा उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित शिक्षा देना नहीं है। हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां टेक्नोलॉजी हर क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोबोटिक डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों को दुनिया नई दिशा प्रदान कर रही है बल्कि विद्यार्थियों को ऐसा ज्ञान और कौशल देना है जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना पूर्ण आत्मविश्वास के साथ कर सकें। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि यह तकनीकी कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को आने वाले भविष्य में नई उचाईयों पर ले जाने में अहम योगदान प्रकट करेगा। उसी तरह से हमारा आरवीआईटी कॉलेज भी एक वार्षिक महोउत्सव 'मंथन' की तरह ही है, जो हर वक्त यही सोचता है कि किस तरह से विद्यार्थियों का तकनीकी ज्ञान, शारीरिक ज्ञान तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाया जाए।

संस्थान के निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। आरवीआईटी कॉलेज का वार्षिक महोउत्सव 'मंथन' विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, शारीरिक दक्षता तथा सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाता है। इस अवसर पर गतवर्ष के परीक्षा परिणाम के आधार पर संस्थान के 92 विद्यार्थियों को संस्थान की सोसाइटी सुदेशना एजुकेशनल चैरिटेबल सोसाइटी के सौजन्य से सोसाइटी के प्रबंध समिति द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की गयी। इस दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरती, अक्षू, काजल चौधारी आरवीआईटी बिजनौर से व द्वितीय स्थान पर लक्षिता, शिल्पी शेखावत कम्प्यूटर सेंटर मन्दौर से रही। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिशिका आरबीडी कॉलेज बिजनौर से व दूसरे स्थान पर मनी विवेक कॉलेज बिजनौर से रहीं। प्ले/थिएटर प्रतियोगिता में काजल ग्रुप आरवीआईटी से प्रथम स्थान व दूसरे स्थान पर स्वाती सिन्हा ग्रुप आरवीआईटी बिजनौर से रहीं। सोलो डांसिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ईशिका वर्धामान कॉलेज से व दूसरे स्थान पर विभांश वत्स आरवीआईटी कालेज से रहे। सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वंश शर्मा, वर्धमान कॉलेज से व दूसरे स्थान पर प्रियाशु भार्गव, टीएमयू से रहे। ग्रुप डांसिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रोहन ग्रुप, आरएनआर डांस एकेडमी से व दूसरे स्थान पर निशिता ग्रुप, आरवीआईटी से रहे। वादय यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सार्थक शर्मा सेंट मेरी, बिजनौर व दूसरे स्थान पर वंश दुआ सेंट मेरी नजीबाबाद से रहे। दो अप्रैल से चल रहे खेल प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित हुआ, जिसमे क्रिकेट का फाइनल मैच फजलपुर-11 और आर्दश-11 की टीमों के बीच हुआ। जिसमें फजलपुर-11 ने 5 विकेट से आर्दश-11 टीम को पराजित कर ट्रॉफी हासिल की। बैडमिंटन डबल (पुरुष) में प्रथम स्थान पर लक्ष्या वर्मा और शिवम कसेरे (मुरादाबाद लुप्टन क्लब) और द्वितीय स्थान पर पुलकित राजपूत (हरिद्वार यूनिर्वसिटी रूड़की) और वीर भारद्वाज (अमेटी यूनिर्वसिटी नोएडा) ने बाजी मारी। डिवेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वेदांश भारद्वाज सेंट मैरी व द्वितीय स्थान पर अदिति राजपूत विवेक यूनिर्वसिटी से रहे।

तीन दिवसीय कार्यक्रम मंथन 2026 में हो रही प्रतियोगिताओं की निरंतर जानकारी व बाहर से आने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर उचित मार्ग दर्शन डा. जैदी, कुशल कुमार एवं अनिल धीमान द्वारा किया गया साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के अपडेट एवं उनके परिणाम की सूचना निरंतर उपलब्ध कराते रहे।

प्रसिद्ध गायक एमसी स्क्वायर नें अपनी अवाज से मंथन की शाम के माहौल को और भी रंगीन बनाया और विभिन्न प्रकार के गानों पर अपनी प्रस्तुति के द्वारा देखने और सुनने वालो को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमे सभी विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया।

फार्मेसी संस्थान के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का मंथन के सफल आयोजन के लिए धान्यवाद किया। मंथन के इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बिजनौर व आस पास के जनपदों के 40 से अधिक स्कूल कॉलेजों से आए हुए 600 से भी अधिक विद्यार्थियों ने खेलकूद, तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# स्वास्थ्य विभाग को हाईकोर्ट का बड़ा झटका

**○ अवैध क्लीनिक चलाने के आरोप में दर्ज एफआईआर पर दाखिल चार्जशीट और गिरफ्तारी वारंट पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने लगाई रोक**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बिना लाईसेंस नर्सिंग होम/क्लीनिक चलाने पर की गई स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर हाईकोर्ट का चाबुक चल गया है। बिना लाइसेंस क्लीनिक चलाने के आरोपी के विरूद्व दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट और चार्जशीट दाखिल होने पर अदालत से जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है।

जुनावई थाना क्षेत्र निवासी अमित कुमार के विरूद्व स्वास्थ्य विभाग में क्वैक्स विभाग के नोडल अधिकारी डा. विरास ने उक्त व्यक्ति पर कथित क्लीनिक/नर्सिंग होम चलाने का आरोप लगाकर सील कर दिया था। जबकि उसके विरूद्व जुनावई थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी थी। पुलिस ने मामले में विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया था। जिस पर सम्बंधित मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेकर आरोपी के विरूद्व गिरफ्तारी वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने के आदेश दिए थे। अदालत से जारी गिरफ्तारी वारंट को अमित कुमार ने रामपुर निवासी अधिवक्ता रफत रजा खां के माध्यम से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दांडिक प्रक्रिया के तहत धारा 528 बीएनएसएस याचिका दायर की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ के न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने दोनों पक्षों को सुना। न्यायमूर्ति ने याचिका में विपक्षी संख्या 02 को नोटिस जारी किया जबकि विपक्षियों से छह सप्ताह के भीतर काउंटर शपथ पत्र दाखिल करने के साथ अंकित के विरूद्व जारी गिरफ्तारी वारंट और चार्जशीट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

## बादल छाते ही होती बूंदा-बांदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मौसम का मिजाज समझ से परे हो गया है। इस माह में पड़ने वाली गर्मी के बजाय शरीर ठंड की फुरेरी दिला रहा है। रविवार को भी बूंदा-बांदी होती रही।



सम्भल। बैमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बिछ़ी पड़ी खेत में गेहूं की पकी फसल।

# बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल का मिले मुआवज़ा: शंकर

**○सपा सरकार की तरह किसानों के खाते में मुआवजा राशि देने की मांग**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में बारिश तथा ओलावृष्टि के चलते बर्बाद हुई किसानों की फसल को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने खेद प्रकट करते हुए सरकार तथा जिला प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

बता दें कि संभल जनपद में शनिवार रात्रि तथा रविवार रात्रि और दिन में हुई बारिश के चलते किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल अधिक बर्बाद हो चुकी है। गेहूं की फसल खेत में पक्की खड़ी है तथा कहीं-कहीं किसानों ने फसल काटनी शुरू भी कर दी है। दूसरी तरफ खेतों में मक्का की फसल के साथ-साथ सरसों की फसल को भी ओलावृष्टि के चलते काफी नुकसान हुआ है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग करते हुए कहा है कि किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में प्रचलित मुआवजा मानकों के अनुसार 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर ही किसान मुआवजा राशि का हकदार माना जाता है। जिसमें सिंचित भूमि पर 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा असिंचित भूमि पर 8 हजार 5 सौ रुपये प्रति हेक्टेयर तक और बारहमासी फसलों पर 22 हजार 500 रुपये प्रति हेक्टेयर तक अधिकतम सीमा केवल 2 हेक्टेयर तक मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति यह है कि मुआवजा किसानों को डीजल, बीज, खाद और श्रम लागत की पूर्ति के लिए भी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा है कि भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई सम्भल राज्य सरकार और जिला प्रशासन से सभी नियमों को शिथिल तथा व्यवहारिक बनाते हुए किसानों को समान रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए तत्कालीन सपा शासन की भांति पर्याप्त मुआवजा राशि किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से वितरित कराकर नुकसान की भरपाई करने की मांग करती है।

# मान्यता हिंदी और शिक्षण कार्य अंग्रेज़ी में

**○मदरसे की मान्यता से इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित**
**○कोर्स ओर मोटी फीस के नाम पर अभिभावकों का शोषण**
**○विभागीय नियमों को भी दिखाया जा रहा है ठेंगा**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारणक स्बे की शिक्षण संस्थाओं के संचालक विभागीय नियमों को ठेंगा खिाकर मनमानी कर छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही मोटी फीस व मेंहगे कोर्स के नाम पर अभिभावकों को आर्थिक शोषण भी कर रहे हैं।

नगर पंचायत स्तर का कस्बा जनपद-मुरादाबाद की सीमा से लगा हुआ है। या यूँ कहा जाए कि जनपद-सम्भल का आखिरी कस्बा है जो प्रशासनिक अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार होकर रह गया है। बात शिक्षा की हो तब कस्बे की शिक्षा व्यवस्था की हालत ऊँट जैसी है। जिसकी कोई कल सीधी नहीं हं होती। लगभग ऐंसी ही हालत अधिकतर शिक्षण संस्थाओं की है। शिक्षण संस्थ्टाओं की गतिविधियों से ऐंसा मालूम होता है कि इन्हे प्रशासन व विभागीय अधिकारियों का कोई खौफ नहीं है। कस्बे के गैस मान्यता के स्कूल बैखौफ होकर संचालित किए जा रहे है। जहाँ शिक्षण कार्य अप्रशिक्षित युवक-युवतियों से कम वेतन पर कराया जा रहा है जबकि फीस व कोर्स के नाम पर मनमानी वसूली की जा रही है। दूसरी और मदरसे की मान्यता पर इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जा रहे है। ऐंसे भी अनेक स्कूल है जिनकी मान्यता को हिंदी में है,लेकिन शिक्षण कार्य इंग्लिश में हो रहा है। जिनमें गुणवत्त तो निम्न स्तर की है। किताबे-कापियों के नाम पर भी मनमानी की जा रही है।उधर चर्चा है कि विभाग व प्रशासन सी.बी, एस ई स्कूलों पर तो कठोर कार्रवाई की बात कर रहा है,लेकिन गैर मान्यता मदरसे की मान्यता से इंग्लिश मीडियम स्कूलव हिन्दी मीडियम से मान्यता पर इंग्लिश मीडियम में शिक्षण कार्य कराने वाले सकूलों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जो खुलेआम मनमानी कर रहे हैं।

## बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, मौत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बाइक अनियन्त्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार की मौत हो गयी। बीती रात मेरठ- बदायूं मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार भीमसेन 33 वर्ष पुत्र नरेंद्र निवासी जगन्नाथपुर थाना गुन्नौर अस्पताल मोहल्ला से अपने मौसी के यहां से अपने गांव जगन्नाथपुर वापस जा रहा था। रात्रि में करीब 12:30 बजे बाइक अनियंत्रित होने के कारण पेड़ से बाइक टकरा गई। उसको पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आई। चिकित्सक ने भीमसेन को मृत घोषित कर दिया। शव को पीएम को भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# लोहिया कॉन्वेंट स्कूल में सातवें वार्षिकोत्सव की धूम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के लोहिया कॉन्वेंट स्कूल व जेकेईटी स्कूल के तत्वावधान में सातवें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया, जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रगति का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व स्कूल अध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ राजू यादव द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। क्षेत्र के उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति से उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नशा मुक्ति के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को नशा से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया। जबकि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और युवाओं को मोबाइल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें नृत्य, संगीत, अभिव्यक्ति और अन्य कार्यक्रम शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को तालियां बजाने को मजबूर किया। स्कूल के डायरेक्टर उमेश यादव कहा कि हमारे स्कूल का उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि बच्चों को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी विकसित करना है। हमारे वार्षिक उत्सव का उद्देश्य भी यही है। इस समारोह में स्कूल के शैक्षणिक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह,पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू, दीपक यादव, बबराला चेयरमैन हर्षवर्धन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपने स्कूल के बोर्ड की परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को भी प्रस्तुत किया गया। जो इस विद्यालय से पढ़कर जिन विद्यार्थियों ने अन्य स्थानों पर सफलता प्राप्त की उन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन देखकर प्रसन्न हुए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, कुमोद वार्ष्णेय, रामबाबू वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, डा. रिजवान, डा. कैलाश वार्ष्णेय, डिम्पल, मुकेश गुप्ता, भानुप्रकाश, महेन्द्र सिंह, इंदीवर, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।




सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

## ग्राम समाज की भूमि बने धर्म स्थलों को बुल्डोजर से ध्वस्त किया

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** ग्राम समाज की भूमि पर मदरसा और मस्जिद बनी होने के आरोप पर प्रशासनिक चेतावनी के बाद मस्जिद कमेटी की ओर से बुल्डोजर से निर्माण कार्य को ध्वस्त लिया।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर बंद में सरकारी भूमि पर धर्म स्थल का निर्माण कराने का आरोप था। प्रशासन की ओर से रविवार तक निर्माण कार्य ध्वस्त कर लेने की चेतावनी दी गई थी। जिस पर मस्जिद कमेटी की ओर से निर्माण कार्य को स्वयं ही तोड़ा जाने लगा था। तय समय सीमा पर निर्माण कार्य नहीं हटने पर बुल्डोजर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी।रविवार को निर्माण कार्य नहीं हट सका तो ग्राम प्रधान पति ने तहसीलदार से मजदूर नहीं मिल पाने पर बुल्डोजर उपलब्ध कराने की मांग की। जिस प्रशासन की ओर से बुल्डोजर जस्टिस को उपलब्ध करा दिया। जिस पर निर्माण कार्य को ध्वसत किया गया। इस दौरान राजस्व टीम के अलावा थाना पुलिस भी मौजूद रही।

# सपाइयों ने निषादराज महर्षि कश्यप को जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महाराज निषादराज गुहा महर्षि कश्यप की जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने श्रृद्वा सुमन अर्पित किए।

सपा अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने चित्रों पर माल्यार्पण किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि महर्षि कश्यप सप्तर्षियों में से एक और वैदिक काल के महान श्रृषि थे। वह कश्यप गोत्र के प्रवर्तक थे। उन्होंने कहा कि महाराजा निषाद राज गुहा भगवान श्रीराम के परम मित्र और श्रृंगवेरपुर के प्रतापी शासक थे। जिला अध्यक्ष ने मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सब सभी पदाधिकारी नियमित बैठक के में आए एवं क्षेत्र में पी डी ए पंचायत करने का काम करें। उन्होने प्रत्येक विधानसभा में बी एल ए से मिलकर वोट बनवाने का काम करने पर ज़ोर दिया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि जब भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण वनवास के लिए निकले, तो गुहा राज ने गंगा पार कराने में उनकी मदद की और पूरी निष्ठा से उनका साथ दिया। वे सामाजिक समरसता, मित्रता और सेवा भाव के प्रतीक माने जाते हैं। निषाद समाज इन्हें अपना आदि पुरुष और गौरव मानता है। उन्होने कहा कि महर्षि कश्यप कश्यप समाज के वंशज है। उन्होंने ऊच नीचे खत्म करने का काम किया। इसी के साथ उन्होने कहा कि मासिक बैठक में नहीं आने वाले पदाधिकारियों से जवाग मांगा जायेगा। जबकि सक्रिय कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाया जाएगा। जिससे संगठन को मजबूत किया जा सके। बैठक मे उमेश यादव, ताहिर उल्ला खान,प्रत्याशी विमलेश कुमारी, हरवीर यादव, सजीव यादव, मास्टर अकिल, अहरम अली, सुनीता यादव, शोभित कुमार काका, उमेश यादव, सद्दाम कुरेशी, फैजान शाही, संजय मदन रोहन सिंह एडवोकेट, मनोज शर्मा, पप्पू शर्मा, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### गुन्नौर में आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर पर आज (सोमवार) सुबह 11 बजे से अपराह्व 3 बजे तक चार घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सोमवार को बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा 33ध11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र गुन्नौर की 11 के0वी0 वीसीवी बदले जाने के दृष्टिगत 33 उपकेन्द्र से निर्गत समस्त पोषक से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 11 बजे से अपराह्व 3 बजे तक कुल 4 घन्टे की अवधि के लिए बाधित रहेगी। जिससे उपभोक्ताओं को 3 बजे के बाद आपूर्ति मिल सकेगी। यह जानकारी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड गुन्नौर स्नेह जोशी ने दी है।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर सफाई करते मां गंगा जन कल्याण समिति के लोग।

### राजघाट बबराला पर चला सफाई अभियान

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगाघाट राजघाट पर मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला ने गंगा जी से कूड़ा निकाला स्वंयसेवको ने माँ गंगा स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को गंगाघाट पर सभी क्षेत्रवासियों को गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने के इस पुनीत अभियान में सहभागिता करने को जागरूक किया। राजघाट पर गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे सभी स्वंयसेवक सफाई में जुटे रहे।गर्वित गोयल ने कहा कि माँ गंगा हमें पवित्र पावन बनाती है। हमारे पापों को हरती है। गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिये सभी स्वच्छता कार्यक्रम में अपना सहयोग दें। गंगा के किनारे गंदगी न करें। श्रृद्वालु गंगा जी पर अपनी श्रृद्वा लेकर आते हैं।वह कृपया इसका ध्यान रखें कि गंगाघाट पर पन्नी, प्लास्टिक का उपयोग न करे।गंगा की सेवा हमारा धार्मिक, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। पुष्पेन्द्र शर्मा ने गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए लोगों से सहयोग का आग्रह किया गया। सफाई अभियान के बाद गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान गर्वित गोयल, राज ठाकुर, अंश सिंघल, प्रशांत ठाकुर, राकेश सुकला, पुष्पेंद्र भारद्वाज, बंटी, मोनू शर्मा, कार्तिक गोयल, नंदी आदि रहे।



सम्भल- पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम को श्रृद्वांजलि देते कांग्रेसी।

### पूर्व उपप्रधानमंत्री को जयंती पर किया याद

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को जयंती पर श्रृद्वांजलि अर्पित की और जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

चौधरी सराय स्थित तरीन कैम्पस में आयोजित जयंती कार्यक्रम में बाबू जगजीवन राम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला पूर्व जिला अध्यक्ष कोआर्डिनेटर सम्भल विजय शर्मा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी का संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसल रहा। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि सदियों से शोषित और पीड़ित दलित मजदूर के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम जी द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। जगजीवन राम जी का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। विद्यार्थी जीवन से ही उन्होंने अन्याय के प्रति आवाज उठाई बाबू जगजीवन राम जी का भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में महती योगदान रहा। वीर सिंह जाटव और विवेक चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद दुष्यंत सिंह मुनेश कुमार जोशी विवेक चौधारी वीर सिंह सागर विनोद साथी मोहम्मद सुहानी फुरकान कुरैशी ज्ञानचंद त्यागी सोनू सागर मौअज्जम अहमद डा मरगूब रईस मसूदी डा. फरहाद फिरासत हुसैन बब्बू खान महताब आलम कलीम अहमद अंकुर कुमार मास्टर अरकान मास्टर मोबीन सुनील सागर शिशुपाल जाटव फिरोज आलम जीतपाल सागर एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

# अस्थायी गोशालाओं में बने भूंसा बैंक: मंत्री

**○पशुपालन मंत्री ने बैठक लेकर की विभाग की समीक्षा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पशुपालन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह जी की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजित की गई।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। अस्थायी रूप से गौशाला स्तर पर भूसा बैंक बनाया जाना सुनिश्चित करे। भूसा टेण्डर प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर लगभग 10 कुंतल भूसा उपलब्ध रहे। भूंसा दान प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष तथा ब्लॉक प्रमुख आदि जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। जबकि गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उसमें हरा चारा को उपजाया जाए। कोई भी गोवंश गौशाला में भूखा न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। गौशालाओं का उचित संरक्षण हो। नस्ल सुधार पर भी कार्य किया जाए। किसानों को गायों के कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रेरित किया जाए। गौवंशों को संक्रामक रोग न फैले इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खुरपका मुंहपका के टीकाकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होने कहा कि बधियाकरण पर भी ध्यान दिया जाए। लू से बचाव के लिए भी उपाय करें और गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट तथा वर्मी कम्पोस्ट को लेकर भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह सभी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# ईस्टर सिखाता है सत्य प्रेम और बलिदान की अन्तिम विजय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मसीही विश्वासियों के लिए आशा, नवजीवन और विजय का प्रतीक माना जाने और प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के स्मरण में ईस्टर पर्व अत्यंत हर्ष, उल्लास और भक्ति-भाव से सम्पन्न हुआ।

डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च बहजोई में प्रातः 4:00 बजे आरंभ हुई प्रभातकालीन स्तुति सभा में विश्वासियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर स्तुति-गीत गाते हुए प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का स्मरण किया। तत्पश्चात प्रातः 11:00 बजे विशेष आराधना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोगा ने भाग लिया। सभा की अध्यक्षता कर रहे ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च के प्रजाइडिंग एल्डर रेवरेंड डा. राहुल उठवाल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि गुड फ्राइडे की शोकपूर्ण घटनाओं के पश्चात जब प्रभु यीशु तीसरे दिन पुनर्जीवित हुए, तो उनके शिष्य और अनुयायी एक नई आशा, बल और उत्साह से भर गए। ईस्टर हमें सिखाता है कि सत्य, प्रेम और बलिदान की अंतिम विजय निश्चित होती है। उन्होंने मत्ती 28 से पवित्र बाइबिल का पाठ करते हुए पुनरुत्थान की घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। पादरी प्रवीन कुमार ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के चरित्र और शिक्षाओं को मानवता का आदर्श बताते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी शांति, क्षमा, करुणा और सेवा का संदेश देती हैं। पुनरुत्थान केवल चमत्कार नहीं, बल्कि प्रत्येक संघर्षरत आत्मा के लिए आशा का प्रतीक है। प्रार्थना सभा के अंत में विश्व शांति, सामाजिक एकता और मानव सेवा के लिए विशेष सामूहिक प्रार्थना की गई। सभा में उपस्थित सभी विश्वासियों ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और प्रभु के पुनर्जीवन की खुशी साझा की। डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च द्वारा आयोजित यह ईस्टर समारोह न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव था, बल्कि यह मानवता, प्रेम और सेवा के मूल्यों को एक नए स्वरूप में प्रकट करता रहा। इस अवसर पर खुशी, अंजली, कोमल, कमलेश, अर्जुन, अमयारा, कंचन, चुनमुन, विजय, पूजा, शैलिन, बेबी रॉबिंसन, वीनस, आकांक्षा, पंकज रॉबिंसन, सीमा टॉड, सामर्थ, अरनव, प्रिंस, अनुराग, कनक, माही, आनन्द, भूमि, सहित अनेक श्रृद्वालु शामिल हुए।

## मौसम के बदले तेवरों से बढ़ी ठंड

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** अप्रैल माह में मौसम का मिजाज काफी ठंडक भरा हो गया है। दोपहर तक धूप और उसके बाद बादल छाने के साथ हवाओं की लहरों से ठंडक को बढ़ा दिया। रात में बिन चादर सो रहे लोगों को कम्बल ओढ़ने पर मजबूर होना पड़ा।

## शिक्षा की दुकानों पर सख्ती की डीएम की प्रशंसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर शिक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी का आभार जताया। वीडियो में उन्होने कहा कि वर्तमान समय में जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा व्यवस्था को लेकर जिस प्रकार सख्ती दिखाई जा रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। उनके नेतृत्व में जनपद सम्भल की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिला है। आज स्कूलों और कॉलेजों का वातावरण पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित, अनुशासित और आकर्षक हो चुका है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ स्थानों पर अभी भी यूनिफॉर्म, कोर्स एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मनमानी की शिकायतें सामने आ रही हैं।इसे समाप्त के लिए लोगों से आगे आने का आहवान किया।

# कस्बे की होनहार छात्रा विज्ञान प्रदर्शनी में अव्वल

**○मंडल स्तरीय ग्रुप में श्रीहरिकोटा का किया भ्रमण**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के विद्यालय की छात्रा ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने परिवार के साथ ही कस्बे व विद्यालय का नाम रौशन किया है। जिसकी प्रशंसा की जा रही है।



उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा अब्बास सय्याद मौहल्ला माकूफा निवासी जाकिर अब्बास की तीन बेटियों में बड़ी बेटी है। छात्रा एक साधारधा परिवार से आती है। उसने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रर्दशनी में चयनित होकर अन्य छात्र-छात्राओं को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि हालत अगर विपरीत भीं हों तब भी मेहनत और लगन से हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल की जा सकती है। गौर तलब है कि जिला स्तर से मात्र अब्बास सय्यदा का विज्ञान प्रर्दशनी में चयन किया गया था। तथा मंडल स्तर से दस छात्राओं का चयन हुआ था। जिन्हे स्कूल की शिक्षिका के नेतृत्व में चैन्नई स्थित अन्तरिक्ष केन्द्र श्रीहरिकोटा का भ्रमण कराकर आवश्यक जानकारी दी गई।कक्षा सात की चौदह वर्षीय छात्रा अब्बास सय्यदा सम्भवतः पहली छात्रा है। जिसे श्रीहरिकोटा अन्तरिक्ष केन्द्र भ्रमण करने का मौका मिला, लेकिन कस्बे के कथित समाज सेवकों शिक्षा के विकास को लम्बी-लम्बी बाते करने वालों ने होनहार छात्रा को प्रोत्साहित करने से दूरी बनाए रखी। शायद इसलिए कि उसका सम्बंध एक साधणधारण परिवार से है। किसी शायर का यह शेर वक्त की हकीकत बयान करता है।

**यहां लिबास की कीमत है, आदमी की नहीं। मुझे ग्लास बड़ा दे, शराब कम कर दे।।**

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139

# निजि स्कूलों की मनमानी पर फूटा गुस्सा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** निजि स्कूलों में फीस वसूली और कोर्स के नाम पर हो रही लूट-खसोट पर जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं का रोष फूट पड़ा। गुस्साय समिति के कार्यकर्ताओं ने स्कूलों के खिलाफ प्रर्दशन कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर में चौ. रविराज चाहल नेतृत्व में प्रर्दशन के दौरान उन्होने कहा कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों का घोर शोषण किया जा रहा है। कोर्स व फीस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। कमीशन खोरी के चक्कर में प्रत्येक वर्ष कोर्स बदल दिया जाता है ताकि अभिभावकों से काफी धन वसूला जा सके। शासन को ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। कैलाश सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे काफी अधिक संख्या में प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष कोर्स बदल दिया जाता है ताकि अभिभावकों से धन वसूली की जा सके। योगेश सिंह ने कहा प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है कोर्स व एडमिशन के नाम पर अभिभावकों का घोर शोषण किया जा रहा है। अभिभावकों से धन वसूली की जा रही है। अभिभावकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मास्टर भूप सिंह ने कहा शिक्षा के नाम पर व्यापार उचित नहीं है। इस पर सरकार को पूर्ण रूप से अंकुश लगाना चाहिए।इस दौरान चौ रविराज चाहल, कैलाश सिंह, योगेश कुमार, नेत्रपाल सिंह,धर्म सिंह, भूप सिंह, नन्नू सिंह, गजेंद्र सिंह, मदन पाल सिंह, देवराज सिंह, समरपाल सिंह, चरण सिंह, केहर सिंह, मनोज कुमार, सतीश शर्मा आदि रहे।



# टीएमयू फार्मेसी क्रिकेट के कड़े मुकाबले में फार्म डी फोर्थ ईयर टीम के सिर सजा ताज

## टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक-मेडएथलॉन 2026 में वॉलीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, टंग ऑफ वार, ट्रैक एंड फील्ड, बॉक्स क्रिकेट, कबड्डी, चेस, कैरम के मुकाबले जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक-मेडएथलॉन- 2026 की क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल के कडे मुकाबले में फार्म डी फोर्थ ईयर ने फैकल्टी की टीम को 02 विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया। टास जीतकर फार्म डी की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फैकल्टी की टीम निर्धारित 15 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 136 रन ही बना पाई। फैकल्टी टीम के कप्तान अभिषेक आनन्द ने 25 गेंदों में 35 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। अपनी पारी में आनन्द ने 06 चौके भी जडे। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फार्म डी फोर्थ ईयर की टीम ने 14.2 ओवर में 08 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। फाइनल मुकाबले में हौसलाफजाई के लिए फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आशु मित्तल, वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल आदि मौजूद रहे। स्पोर्ट्स वीक- मेडएथलॉन में क्रिकेट के अलावा वॉलीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, टंग ऑफ वार, ट्रैक एंड फील्ड, बॉक्स क्रिकेट, कबड्डी, चेस, कैरम आदि खेलों की ब्वायज एंड गर्ल्स की सिंगल्स और डबल्स की प्रतियोगिताएं भी हो रही हैं। फार्म डी फोर्थ ईयर की ओर से बतौर कप्तान ऑलराउंडर आदित्य कलेर ने 03 ओवर में 14 रन देकर 02 विकेट चटकाए और 06 गेंदों में 04 चौकों की मदद से 16 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। फार्म डी की ओर से ऑलराउंडर मो. फाजिल ने 20 गेंदों में 33 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। फाजिल ने अपनी पारी में 02 चौके और 02 छक्के भी जडे। फैकल्टी की ओर से गेंदबाज गुलशन राठौर ने 03 ओवर में 16 रन देकर 03 विकेट चटकाए। क्रिकेट प्रतियोगिताओं में फिजिकल एजुकेशन के अभिषेक सागवान और प्रत्यूष कुमार द्विवेदी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि सेमीफाइनल मुकाबलों में फैकल्टी की टीम ने बीफार्म फोर्थ ईयर की टीम को 42 रनों से मात दी। इस मुकाबले में फैकल्टी टीम के कप्तान अभिषेक आनन्द को 03 विकेट और 28 गेंदों में 35 रनों की पारी के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया। फॉर्म डी फोर्थ ईयर ने बीफार्म फर्स्ट ईयर की टीम को 07 विकेट से करारी मात दी। मेडएथलॉन कमेटी में शामिल डॉ. स्मृति तिवारी, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला, सुश्री खुशी श्रीवास्तव आदि की विशेष भूमिका है।






# वार्षिक उत्सव व जागरूकता रैली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**चन्दौसी।** विकास क्षेत्र पवांसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कासमपुर जगरूप में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं इको क्लब की विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उपस्थित अभिभावक व शिक्षकगण भाव-विभोर हो गए। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत व अन्य प्रस्तुतियों के जरिए सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शालनी, मनी, दीपक कुमारी, रोशनी, नीरू, डिम्पल, राधिका, प्रिंस, गौरव, रामजीमल, सुधा, मीनाक्षी, नैना सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# एवर ग्रीन पब्लिक इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर स्थित एवर ग्रीन पब्लिक इण्टर कालेज कुन्दरकी मुरादाबाद में अंग्रेजी माध्यम तथा हिंदी माध्यम की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा प्रबन्धक हाजी मेहदी हसन साहब ने की द्य कक्षा में पहला दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले छात्रों के भविष्य को लेकर कॉलेज प्रबंध और शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ! कक्षा 11 अ में मो फरदीन प्रथम, फरहीन द्वितीय तथा मो कामरान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में शाहेनूर प्रथम मो आसिफ द्वितीय तथा फौजिया तृतीय स्थान पर रहीं कक्षा 9 में नूरानी प्रथम, फातिमा जहरा द्वितीय तथा अलफिजा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 2 में अलकासिया प्रथम इनाया द्वितीय तथा मो फराज तृतीय स्थान पर रहे कक्षा 1 मे रिदा फातिमा प्रथम इस्मा रानी द्वितीय तथा अफनान तृतीय स्थान पर रहे कक्षा यूकेजी में अब्दुल अहद प्रथम सायना द्वितीय तथा अलसिफा तृतीय स्थान पर रही कक्षा नर्सरी मैं जुबिया प्रथम सिदरा द्वितीय तथा मो नोमान तृतीय स्थान पर रही हैं विद्यालय में प्रवक्ता नजबुल हसन ने कहा कि वर्ष भर मेहनत करने के बाद यह शुभ घड़ी आती है परीक्षाफल की द्य आप सभी छात्र छात्राओं को आगामी कक्षा में प्रवेशित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ द्य आप सब अपना एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। संचालक प्रवक्ता नजबुल हसन ने किया इस प्रबंधक हाजी मेहंदी हसन ,शिक्षक, शाहनवाज हैदर, पुष्पेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार अर्पित सिंह नूरी शमा समीना परवीन वीर वाला नमरा इल्यास फिजा मीना परवीन आदि समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा रहे।



# अली के चाहने वालों को मौत नहीं आती: मौलाना मुजफ्फर

## एजाज हाशीम नकवी के चालीसवे की मजलिस का हुआ आयोजन

**कुन्दरकी।** मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए मौलाना मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि हजरत इमाम

अली के चाहने वाले को दुनियां मौत से डराने की कोशिश न करे। नगर स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब मे नगर के मशहूर खातिबे अहलेबैत एजाज हाशिम नकवी के चालीसवे की मजलिस का अयोजन हुआ जिसमे सय्यद खुर्शीद अनवर ने मरसिया पढ़ा तथा मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि रसूले करीम और अहले बैत की जिंदगी हमारे लिए नमूनाए अमल है । उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर ही हमें जिंदगी गुजारनी चाहिए । उन्होंने कहा कि दुनियां इस्लाम को और अहलेबैत के चाहने वालों को मिटाने की कोशिश मे लगी हुई है लेकिन दुनियां याद रखें जिस कौम को दुनियां मिटाने कि कोशिश कर रही है अगर उन्हे मिटना होता तो कर्बला मे मिट गई होती । दुनियां हजरत इमाम अली के चाहने वालों को मौत से डराने की कोशिश न करे क्योंकि हजरत इमाम हुसैन के चाहने वाले मौत से नही डरते है बल्कि हजरत इमाम हुसैन के चाहने वाले मौत को तलाश करते है और शहादत देने का जज्बा अपने दिल मे रखते है इसलिए इमाम हुसैन के चाहने वाले मौत आने से पहले कर्बला से अपना कफन खरीद कर ले आते है । मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम अली के चाहने वालों को मौत नही आती है और उनके चाहने वालों की शहादत इंकेलाब लाती है और सय्यद की शहादत दुनियां मे इंकेलाब ला रही है ।मौलाना ने इल्म तरक्की हासिल करने पर जोर दिया तथा हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयां की तो आजादारों की आँखे नम हो गई। मजलिस मे भारी सख्या मे लोग शामिल रहे तथा कुमेल नकवी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा संचालन अजहर अब्बास नकवी ने किया।




# पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे: जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक और महर्षि कश्यप जी की जयंती एवं महाराजा निषादराज गुह्य जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि पीडीए को जिताने से ही संविधान बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कारण उप्र में पीड़ित लोगों की एक नई श्रेणी बन गई है, जिसका नाम है प्रीपेड पीड़ित। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीडीए सरकार बनाने से ही युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी और सम्मान से जीवन जी पाएंगे। उन्होंने कहा कि पीडीए हमारे मान-सम्मान का इंकलाब है और हमें खुघ्द आगे बढ़ना होगा, खुघ्द ही लड़ना होगा और अपना वकघ्त खुघ्द ही बदलना होगा।बैठक में समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अक्षय भटनागर को बनाये जाने पर फूलमाला से स्वागत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, जिला महासचिव फुरकान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष केसर अली कुद्दूसी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कहा गया कि भाजपा सरकार के कहर की वजह से उप्र में पीड़ित लोगों की एक नई श्रेणी बन गई है, जिसका नाम है श्प्रीपेड पीड़ितश। इसका मतलब ये है कि जो लोग बिजली के प्रीपेड मीटर लगाकर बैठे हैं वो स्मार्ट मीटर की खघमियों की वजह से बिजली कट जाने पर अंधेरे और गर्मी का संकट झेलने को मजबूर हैं।




## एक नजर

### नेशनल हाईवे डोमघर में मंडी जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**कुंदरकी।** रविवार सुबह मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुंदरकी के गांव काजीपुरा निवासी किसान अनीस (45) पुत्र मुश्तकीम खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, जो रविवार की सुबह खीरा बेचने मुरादाबाद मंडी जा रहे थे। बताया जाता है कि अनीस सुबह मिनी ऑटो से अपनी उपज लेकर निकले थे। रास्ते में गांव डोमघर के पास तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ऑटो के समीप से गुजरा, अनीस ऑटो के गेट के पास बैठे थे जिससे वह वाहन की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही शव गांव पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शव को देखकर बेसुध हो गई वहीं अन्य परिजन भी बिलख पड़े। रविवार को ही गांव में गमगीन माहौल के बीच अनीस को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं।



### सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई आयोजित, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को संगठन की मासिक बैठक का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि 27 विधानसभा ग्रामीण रवि चौधरी ने की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्साह के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पार्टी के जनाधार का विस्तार करने तथा आगामी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, सामाजिक चुनौतियों और संगठनात्मक विषयों पर अपने सुझाव रखे। सभी ने यह संकल्प लिया कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। बैठक में 27 विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र से विधायक पद की तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसमर्थन बढ़ाने का संकल्प लिया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके त्वरित समाधान के प्रयास किए जाएंगे।बैठक में दानिश कुरेशी, कुक्कू चौधरी, अशोक सैनी, मोहित ठाकुर, अमित चौधरी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।




### डॉ. भीमराव अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 256 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस स्थित चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के कुल 256 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गोंख्रजूनियर और सीनियरख्रमें विभाजित किया गया, जिससे विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों को समान अवसर मिल सके। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त हुआ। इस पहल को छात्रों और शिक्षकों दोनों ने सराहा।आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासन और संघ के पदाधिकारियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया।आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता के विजेताओं को 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा, जिसे लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



# आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी में संगठन और राष्ट्र निर्माण पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपने शताब्दी वर्ष (2025-26) के उपलक्ष्य में देशभर में 'प्रमुखजन गोष्ठी' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्रात: 10:00 बजे पंचायत भवन में एक प्रमुखजन गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में संघ की शताब्दी यात्रा और उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि हिंदुत्व भारत की जीवन शैली और संस्कृति की पहचान है, यह किसी पूजा पद्धति का नाम नहीं है। महेन्द्र कुमार ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य ऐसे चरित्रवान, सजग एवं उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है, जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभा सकें।पद्मश्री चिरंजी लाल यादव ने कहा कि संघ नवयुवकों को भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और नागरिक कर्तव्यों के पालन की प्रेरणा दे रहा है, जो अत्यंत अनुकरणीय है।इस अवसर पर विभाग संघचालक सुरेंद्रपाल सिंह, महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता, विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन, महानगर कार्यवाह विपिन चौधरी, वरिष्ठ प्रचारक मनीराम, अनुज कुमार, प्रमोद जोशी, शरद जैन, नमन अग्रवाल, नवल वार्ष्णेय, अनिल कुमार जैन, नीलम जैन, समीर जैन, डॉ. विशेष गुप्ता, दुष्यंत बाबा, उमेश त्रिवेदी, विभाग प्रचारक बृजमोहन डॉ. गोविंद नौनियाल, डॉ. विनोद पांडे सहित शहर के साहित्यकार, चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षाविद एवं विभिन्न सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रमुखजन उपस्थित रहे।





# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के रामगंगा विहार नगर मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान 2026 का समापन हुआ। इस दौरान वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्य पद्धति, बूथ प्रबंधन, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, सोशल मीडिया व जनजागरण, कार्य विस्तार पर चर्चा हुई।पूर्व महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर वर्ष 2026 तक भाजपा का इतिहास बताया। भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य निमित जायसवाल ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का पालन करती है। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना है। पूर्व महानगर मंत्री शशि किरण ने कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गए सबक को जीवन में उतारें।महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं। आईटी विभाग के संयोजक सुमित चौहान ने एआई और सोशल मीडिया के महत्व पर चर्चा की। पूर्व नामित पार्षद डॉ पुनीत गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान सेवा, संगठन और समर्पण की भावना को मजबूत करता है।मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा। संचालन मंडल महामंत्री मयंक कश्यप ने किया, आभार मंडल महामंत्री अनुज शर्मा ने व्यक्त किया। प्रशिक्षण महाभियान में मंडल के अध्यक्ष विपिन प्रजापति, महाभियान के महानगर संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, अमित शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र विश्नोई, नूरहसन आदि मंडल के पदाधिकारी गण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, मंडल के पार्षदगण एवं क्षेत्रवासी शामिल रहे।



**खोया-पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0649057 व इण्टर मीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0528923 का प्रमाण पत्र सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये है। **शाने आलम पुत्र मौ. हसनैन निवासी डोमघर कुंदरकी, तह.बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अजहरुद्दीन तथा उसकी पत्नी शबीहा नूर का चाल चलन तथा आचरण ठीक नहीं है। उनके गलत आचरण के चलते मैंने तथा मेरे परिवार ने अजहरुद्दीन तथा उसकी पत्नी शबीहा नूर को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने परिवार से संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में यदि कोई इनसे संबंध रखता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **सईयदा पत्नी नसीमुद्दीन सहसपुर, स्योहारा जिला बिजनौर।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद हुजैफ खान व उसकी पत्नि श्रीमति वफिया को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद इस्लाम खां पुत्र राहत जान खान निवासी जामा मस्जिद रोड पेप्सी एजेंसी के पास तहसील व जिला मुरादाबाद।

# हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट से उठी चिंगारी, 12 बीघा गेहूं जलकर राख

**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद हाईवे स्थित मुंशीगंज के जंगल में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब खेत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक फॉल्ट होने से निकली चिंगारी ने किसान की गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लगभग 12 बीघा कटे गेहूं का लाक जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, मुंशीगंज निवासी किसान जगतार सिंह पुत्र हजूर सिंह के खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। दोपहर करीब 2 बजे तारों में अचानक फॉल्ट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने खेत में रखे कटे गेहूं को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में ट्रैक्टर व अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों की सूझबूझ से खेत में खड़ी शेष फसल को जलने से बचा लिया गया। पीड़ित किसान जगतार सिंह ने बताया कि खेत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग वह लंबे समय से विद्युत विभाग के अधिकारियों से करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में इस तरह की घटनाओं से किसानों की फसलें जल जाती हैं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान है।

# खेत जा रहे किसान पर तेंदुए का हमला, घायल ग्रामीणों में दहशत

**ठाकुरद्वारा।** सीओ सर्किल क्षेत्र में तेंदुए की दहशत एक बार फिर सामने आई है। रविवार सुबह खेत पर जा रहे एक किसान पर मादा तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद किसान को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।घटना सुबह करीब 6.30 बजे ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहसपुरी के गांव ढाकवाला मंझरा की है। गांव निवासी करीब 50 वर्षीय किसान देवेंद्र सिंह चौहान अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान खेत के पास उन्हें तेंदुए का एक शावक दिखाई दिया। तभी पास ही स्थित संजय सिंह के बोरिंग की दिशा से आई मादा तेंदुए ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। तेंदुए के हमले में किसान के बाएं हाथ पर गंभीर चोटें आईं। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख मादा तेंदुआ अपने शावक के साथ जंगल की ओर भाग गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश में कांबिंग अभियान शुरू किया। घायल किसान को ठाकुरद्वारा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है और किसान सुबह-शाम खेतों में रहते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में तेंदुए के हमले की घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।

## खेती के विवाद में दो लोगों को एसडीएम कोर्ट ने भेजा जेल

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में कृषि भूमि को लेकर चल रहे विवाद के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, ग्राम काजीपुरा में गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आबिद पुत्र हुसैन बख्श (42 वर्ष) एवं मोहम्मद रिजवान पुत्र हुसैन बख्श (35 वर्ष) निवासी ग्राम मुस्तापुर बहेड़ा को हिरासत में लेकर चालानी कार्रवाई की। दोनों के खिलाफ धारा 170๘126๘135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट न्यायालय में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेलभेज दिया ।

# प्रीपेड बिजली मीटर के विरोध में जन संसद, उपभोक्ताओं ने सुनाई अपनी पीड़ा, आन्दोलन तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर स्थित ब्रज रतन बैंक्विट हॉल में सामाजिक कार्यकर्ता संगठन की ओर से प्रीपेड बिजली मीटरों के विरुद्ध एक जन संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लिया। जन संसद में लोगों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से जुड़ी परेशानियों को खुलकर रखा और बताया कि बिना अनुमति लगाए गए इन मीटरों ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर दिया है।

कार्यक्रम में उपस्थित दानवीर ने बताया कि बिजली बिल जमा करने के बावजूद उनकी बिजली बहाल नहीं हुई, जिससे उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं असीम अंसारी ने कहा कि उनके घर में शादी समारोह था, लेकिन दो दिनों तक बिजली न होने से परिवार को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक अन्य उपभोक्ता रोहित ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, घरों में शादी और मौत जैसे अवसरों पर बिजली कटने से लोगों पर मानसिक व आर्थिक दोनों तरह का बोझ बढ़ रहा है। हादसे में दोनों टांगें गंवा चुके नकी ने कहा कि वह मजदूर हैं और रोज बिजली बिल जमा करना संभव नहीं है। आर्थिक परिस्थिति के उतार-चढ़ाव के कारण कई बार पैसे नहीं होते, ऐसे में लगातार दो दिन से बिजली कटने से उनका जीवन और कठिन हो गया है। जन संसद का संचालन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता नोमान जमाल ने कहा कि बिना उपभोक्ता की सहमति स्मार्ट




मीटरों को प्रीपेड मोड में बदलना बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका संगठन और जन संसद में उपस्थित सभी लोग इसका विरोध करते हैं तथा जल्द ही आंदोलन की तैयारी की जाएगी। किसान नेता भयराज सिंह ने भी कहा कि इस शोषण के खिलाफ व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सभासद एडवोकेट देवेश शर्मा ने भी इस मुद्दे पर सरकार से उपभोक्ताओं के हक की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। फैसल रजा, माजिद अंसारी ने भी जन संसद के फैसलों के समर्थन करते हुए आंदोलन को मुखर बनाने की बात कही। नामित सभासद श्रीकान्त गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट मीटर को प्रीपेड करने से जनमानस परेशान है हम इसकी निंदा करते हैं। सोशल एक्टिविस्ट डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर बिना सहमति के बदले गए हैं, वे एफिडेविट दें और संगठन उनकी कानूनी लड़ाई लड़ेगा। जन संसद में यह निर्णय लिया गया कि प्रीपेड मीटिंग से उत्पन्न समस्याओं को लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इसके तहत सोमवार को सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही उपभोक्ता अपने एफिडेविट देकर संबंधित कंपनी और विभाग के खिलाफ उपभोक्ता फोरम व न्यायालय में शिकायत दर्ज कराएंगे। भविष्य में धरना-प्रदर्शन जैसी गतिविधियाँ भी चरणबद्ध तरीके से की जाएंगी।

कार्यक्रम में नोमान जमाल, सभासद श्रीकांत गुप्ता, एडवोकेट देवेश शर्मा, डॉ. राकेश रफीक, डॉ. जितेंद्र दक्ष, कसीम आजाद, चौधरी भयराज सिंह, फैसल रजा, आशु बालियान, चौधरी अंकुर, विक्की चौधरी, प्रधान माजिद हुसैन, बबलू मसूदी, मेहरान सिद्दीकी, दानवीर, वीनू सक्सेना, प्रभांक सिंघम, गगन दीप, डॉ. धर्मवीर,कासम अंसारी, सभासद हप्पू राजा,निक्की शर्मा,बाबू अंसारी, नसीब बब्लू,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर महिला पर किया जानलेवा हमला

## घायल महिला अस्पताल में लड़ रही है जिंदगी और मौत की जंग

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र गांव किस्वाँनगला के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि 30/3/ 2026 की शाम को गांव के ही इरशाद व तालिब पुत्र गण रहीस एंव अकरम, आरिफ, दिलशाद, मुजाहिद, पुत्रगण तालिब आदि हाथों में लाठी डंडे ओर हत्यार लेकर घर में घुसकर सलमा पत्नी शाहिद हुसैन और उसकी बेटी के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने लगे सलमा ने इसका विरोध किया तो

दबंगो ने लाठी डंडे ओर हत्यार से सलमा के सिर पर जानलेवा हमला करते हुए उसे लहूलुहान कर दिया बचाव करने आई खैरुल निशा पत्नी नाजिम को भी दबंगों ने घायल कर दिया घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मोके से फरार हो गए पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी वही पीड़ित का आरा. ेप है कि पुलिस से आरोपी हम साज हो गए हैं और आरोपी खुलेआम जानसे मारने की धमकी दे रहे हैं वहीं घायल का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है जहां घायल की हालत नाजुक बनी हुई है, अब देखना होगा कि पीड़ित परिवार को योगी सरकार में कब इंसाफ मिलेगा या यू ही पीड़ित परिवार आला अधिकारियों के यहाँ इंसाफ के लिए चक्कर काटते रहेंगे।



# अंबेडकर जयंती को लेकर थाना बिलारी में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

**बिलारी।** आगामी अंबेडकर जयंती के मद्देनजर थाना बिलारी परिसर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने की। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के वर्तमान एवं पूर्व प्रधान, शोभायात्रा आयोजक, मेला समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बैठक में अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राओं, माल्यार्पण कार्यक्रमों एवं मेलों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने आयोजकों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम निर्धारित समय, तय रूट और प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही आयोजित किए जाएं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था



या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने सभी से आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने यह भी कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में मौजूद पुलिस स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र में चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष जगतपाल सिंह, रण सिंह, भारती राम, खिलाड़ी कल्याण सिंह, पूर्व प्रधान सहसपुर राम भरोसे, मेघराज सिंह, महिपाल सिंह, जयवीर सिंह, प्रधान सिंह, मलखान सिंह, राकेश कुमार, मनवीर सिंह, शिवम सागर (एडवोकेट), रामवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का विशेष सहयोग रहा।

अंत में सभी ग्राम प्रधानों एवं आयोजकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया, जिससे यह पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

## टीपीएल फाइनल में एडमिनिस्ट्रेशन-11 का जलवा, 4 रन से जीता खिताब

चन्दौसी। क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के तत्वाधान में सेठ कासिम ग्राउंड पर आयोजित टीचर प्रीमियर लीग (टीपीएल) का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। एडमिनिस्ट्रेशन 11 और राइजिंग स्टार के बीच खेले गए इस कड़े मुकाबले में एडमिनिस्ट्रेशन 11 ने 4 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एडमिनिस्ट्रेशन 11 ने 20 ओवर में 08 विकेट खोकर 161 रन बनाए। टीम की ओर से एल. सुभाष चंद ने नाबाद 29 रन, विकास चंद्रा ने 23 रन और डॉ. सरताज ने 7 गेंदों में तेज 18 रन बनाकर अहम योगदान दिया। जवाब में राइजिंग स्टार की टीम ने शानदार संघर्ष किया। मनजीत सिंह ने 54 रन और मनीष बेनीवाल ने 41 रन की दमदार पारी खेली, लेकिन टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 4 रन पीछे रह गई। गेंदबाजी में अनुज कुमार ने 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि अमित पपसरा ने भी 2 विकेट हासिल किए। डॉ. सरताज को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन (18 रन व 2 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती के प्रांतीय शारीरिक प्रमुख उमेश जी व एडीएम प्रदीप वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर



### धूमधाम से मनाई गई बाबू जगजीवन राम की जयंती कार्यकर्ताओं ने लिया उनके मार्ग पर चलने का संकल्प

**ठाकुरद्वारा।** नगर कांग्रेस कमेटी ठाकुरद्वारा के तत्वावधान में रविवार को बाजार गंज स्थित कार्यालय पर देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री, वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं ने देश के विकास और आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए स्वर्गीय जगजीवन राम जी द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की तथा देशहित में उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा, वरिष्ठ नेता शरीफ आजाद, जिला सचिव मो. दीन सिद्दीकी, जिला सचिव हाजी मुस्तकीम, शरीफ सिद्दीकी, इंतजार कुरेशी, मास्टर रईस अहमद, इदरीस कस्सार, शमशेर अंसारी, हाजी इशाक अंसारी, जाकिर अंसारी, डॉ. हाजी बाबू हुसैन अंसारी, मो. दानिश, अब्दुल रब अंसारी, मो. मुस्तकीम, कुशल कुमार, शकील अहमद, कदीर कुरेशी, वसीम अहमद, मो. कसीम उर्फ भूरा, मो. यामीन और बाबू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह बाद भी साधु को जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोई कार्रवाई नही

**ठाकुरद्वारा।** एक सप्ताह पूर्व बेड़ी मोक्ष धाम के पुजारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर उधार के पैसें मांगने पर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू होने सहित जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग स्थित पशुपति फैक्ट्री के पास बने बेड़ी मोक्ष धाम पर वीरदारस महाराज सिंह पुजारी रहते है। पुजारी ने बताया कि 31 मार्च को कोतवाली पुलिस को दिए शिकायत पत्र में कहा कि नगर के मोहल्ला जाटवान वार्ड 01 निवासी एक व्यक्ति आए दिन शराब पीकर जाता है और गाली गलौज करता है। उस व्यक्ति ने उधार बतौर 10 हजार रूपये ले रखे है।

आरोप है कि जब पुजारी अपने रूपये मांगते है तो वह आग बबूला होकर गाली गलौज करते हुए निकट में बहने पर वाली नदी में फैंकने की धमकी देता है। पुजारी ने पुलिस से अपनी उधार पैसे दिलाने और गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई है।

### निषादराज व महर्षि कश्यप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**चन्दौसी।** महाराज निषादराज एवं महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि त्रेता युग में जन्मे निषादराज ने भगवान श्रीराम को सरयू नदी पार कराने में सहायता की थी और उनके



दिव्य स्वरूप को पहचान लिया था। यह प्रसंग उनकी भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन नीरज कश्यप द्वारा किया गया तथा अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया गया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। सबसे आगे कार्टून वेशभूषा में कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन किया, वहीं ढोल-ताशे और डीजे की धुन पर युवा व बच्चे जमकर थिरके। महामायी काली, महाराज निषादराज, वीरांगना फूलन देवी, कालू बाबा धीमर, भोले बाबा और सृष्टि रचयिता महर्षि कश्यप की झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शोभायात्रा कैथल से शुरू होकर ब्रह्म बाजार, बिसौली गेट, बड़ा बाजार और फड़याई बाजार होते हुए देर रात पुनः कैथल पहुंचकर सम्पन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। आयोजन में नीरज कश्यप, राजकुमार ठाकरे, अनिल कुमार तुरैहा, वीरेंद्र कश्यप एडवोकेट सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### गैस वितरण के दौरान हंगामाकरने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में गैस वितरण के दौरान हंगामा करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। जानक. ारी के अनुसार इण्डेन गैस एजेंसी तिकोनिया तिराहा, मुरादाबाद रोड पर चल रहे गैस वितरण के दौरान युवक द्वारा अफवाह फैलाने और कर्मचारियों से अभद्रता करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार मौके पर समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी नहीं माना और विवाद की स्थिति बन गई। शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते पुलिस ने ग्राम तरफ दलपतपुर निवासी गजम सिंह को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां कोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया ।

# दिवसीय योग शिविर में उमड़ा उत्साह, नियमित योग से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**ठाकुरद्वारा।** सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर, तहसील ठाकुरद्वारा में आयोजित 5 दिवसीय योग शिविर में स्थानीय ग्रामीणों और योग साधकों की



उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। शिविर के दौरान प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में साधकों को विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मनुष्य न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। योग शरीर की रोग प्रति. रोधक क्षमता को बढ़ाता है और कई प्रकार की बीमारियों को जड़ से समाप्त करने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद आवश्यक है। इससे व्यक्ति का जीवन संतुलित रहता है और स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। शि. विर में शामिल योग साधकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग करने से उन्हें शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक शांति का अनुभव हो रहा है। ग्रामीणों ने इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की मांग भी की। योग शिविर के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिल रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्रीराम कथा में गूंजे भक्ति के स्वर, श्रद्धालु भाव-विभोर

**चन्दौसी।** बहजोई के बड़े मैदान में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा का एक दिन पूर्व शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ जहां कथा पंडाल में पहुंचे निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज का राज्यमंत्री गुलाब देवी, जनप्रतिनिधियों और प्रशास. निक अधिकारियों ने भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया। कथा की शुरुआत भजन और गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने श्रीराम कथा का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रवचन नहीं, बल्कि एक पवित्र अनुष्ठान है, जिसे श्रद्धा और भाव के साथ सुनने वाला ही इसके वास्तविक आनंद को प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि जहां भी श्रीराम कथा होती है, वहां भगवान हनुमान की विशेष उपस्थिति मानी जाती है।

कथा व्यास ने कहा कि श्रीराम कथा के मूल सूत्रधार स्वयं भगवान शिव हैं, जो इसके प्रथम वक्ता हैं, जबकि माता पार्वती इसकी प्रथम श्रोता हैं। उन्होंने कथा श्रवण के आध्यात्मिक लाभ बताते हुए कहा कि यह मनुष्य के सभी संशयों को दूर कर जीवन को पवित्र बनाती है। गंगा के विभिन्न स्वरूपों से मिलने वाली मुक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा सुनने मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है।

कथा के दौरान मधुर भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।





# आईपीएल - 12वां मैच, केकेआर को वापसी की तलाश

## कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 12वें मैच में यहां ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। दोनों टीमें इस मुकाबले में बिल्कुल अलग फॉर्म और आत्मविश्वास के स्तर के साथ उतर रही हैं।

केकेआर जहां वापसी की तलाश में होगी वहीं पंजाब किंग्स जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए इस सीजन की शुरुआत मुश्किल रही हैद्ध उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है और वे अंक तालिका में नीचे खिसक गए हैं। उनकी बैटिंग यूनिट ने अपनी क्षमता की झलक तो दिखाई है, लेकिन उसमें निरंतरता की कमी रही है। उम्मीद है कि कप्तान अजिक्य रहाणे टॉप ऑर्डर को स्थिरता प्रदान करेंगे। युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी अब तक टीम के लिए एक सकारात्मक पहलू रहे हैं, जबकि फिन एलन पावरप्ले में आक्रामक तेवर दिखाते हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें कैमरन ग्रीन, रिकू सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं, को एक मजबूत विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े और असरदार योगदान में बदलने की जरूरत होगी। केकेआर की गेंदबाजी आक्रमण को नियंत्रण बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा है, और वरुण चक्रवर्ती को अभी तक मिडिल ओवर्स में अपनी लय नहीं मिल





पाई है। वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और ब्लेसिग मुजारबानी जैसे तेज गेंदबाज शुरुआती सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि सुनील नारायण और अनुकूल रॉय जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। मनीष पांडे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से टीम की बेंच स्ट्रेंथ और भी मजबूत हो जाती है। इसके विपरीत, पंजाब किंग्स ने लगातार जीत के साथ इस सीजन की जोरदार शुरुआत की है और टीम के सभी विभाग काफी संतुलित नजर आ रहे हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर अच्छी फॉर्म में हैं और केकेआर के खिलांफ उनका रिकॉर्ड भी काफी शानदार रहा है, जिससे वह टीम की बैटिंग लाइनअप के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। ओपनर्स प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली ने टीम को ठोस शुरुआत दी है, जबकि मिडिल ऑर्डर में नेहल वढेरा, शशांक सिंह और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी टीम को गहराई और आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी भी काफी असरदार रहा है, जिसकी अगुवाई युजवेंद्र चहल कर रहे हैं। मिडिल ओवर्स में विकेट लेने की उनकी क्षमता टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाक और ऑलराउंडर मार्को जानसेन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टीम के गेंदबाजी में विविधता और नियंत्रण दोनों लाते हैं। प्रियांश आर्य जैसे 'इम्पैक्ट प्लेयर्स' टीम की बेंच स्ट्रेंथ को और भी मजबूत बनाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी। इस मैदान पर हाल के मैचों के रुझानों को देखते हुए, इस मैच में भी बड़े स्कोर बनने की पूरी संभावना है। रोशनी के नीचे ओस के कारण टीमों को पीछा करने में मदद मिल सकती है, जिससे टॉस एक महत्वपूर्ण कारक बन जाएगा, क्योंकि टीमें संभवतः पहले गेंदबा. जी करना पसंद करेंगी। कुल मिलाकर, प्रतियोगिता एक स्पष्ट विरोधाभास प्रस्तुत करती है: कोलकाता नाइट राइडर्स स्थिरता और सीजन की पहली जीत की तलाश में है, जबकि पंजाब किंग्स का लक्ष्य जीत की लय को आगे बढ़ाना और तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना है।

# मुश्किल दौर के बाद अपनी लैंथ पर बहुत काम किया: रवि बिश्नाई

**अहमदाबाद।** राजस्थान रायल्स (आरआर) गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि 2025 के मुश्किल दौर के बाद मैंने अपनी लेंथ , फिजिकल, तकनीकी और मानसिक पहलुओं पर बहुत काम किया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ शनिवार रात जीत के बाद बिश्नोई ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब लेने के बाद कहा कि पिछला सीजन मुश्किल था।

लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा। मेरी एक कमजोरी थी कि अगर मेरी लेंथ ग़लत होती थी तो मुझे चौके और छक्के पड़ते थे। मैं उसी पर काम कर रहा था। मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर किया। सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। आज भी जब गेंद ज्यादा फुल हुई तो मुझे मार पड़ी। मानसिक, तकनीकी और फिजिकल, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया है। ऑफ सीजन में और मैचों के बीच भी मैंने फिटनेस पर बहुत मेहनत की है, कल मैच में बिश्नोई ने 11वें ओवर में साई सुदर्शन को आउट किया। फिर 13वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स और वॉशिगटन सुंदर को पवेलियन भेजा। 15वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया का विकेट लेकर स्पेल पूरा किया। फिलिप्स को छोड़कर उनके बाक़ी सभी शिकार बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। ग्राउंड के एक तरफ बाउंड्री बड़ी थी और उनके पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज थे, इसलिए मैं मिडल और लेग से गुगली डालने की कोशिश कर रहा था, जिससे उनके लिए लेग साइड की बड़ी बाउंड्री पार करना मुश्किल हो।

# मोहम्मद शमी की आंधी में उड़ा हैदराबाद

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के साथ ही अब इस सीजन में 7 टीमों ने अपना खाता खोल लिया है। लखनऊ की 2 मैच में ये पहली जीत है, जबकि सनराइजर्स की 3 मैच में दूसरी हार है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी आईपीएल 2026 में अपना खाता खोल ही लिया है।



■ ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की, पंत ने आईपीएल सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ ने सीजन के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को करीबी मुकाबले में 5 विकेट से हराया और पहली जीत दर्ज की। अपने घर में छोटे स्कोर वाले मुक. ाबले में हारने के बाद लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में शिकस्त दी। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के घातक स्पैल के दम पर सनराइजर्स को 156 रन पर रोकने के बाद लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के जुझारू अर्धशतक के दम पर आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार 5 अप्रैल को 'डबल हेडर' के पहले मैच में लखनऊ ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ये जीत दर्ज की। पहले मैच की ही तरह लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने एक बार फिर शुरुआती ओवर्स में ही बैटिंग टीम को बैकफुट पर धकेल दिया था। मोहम्मद शमी इस बार भी लखनऊ के बालिंग अटैक की जान रहे, जिन्होंने सिर्फ 7 गेंदों के अंदर ही हैदराबाद के दोनों विस्फोटक ओपनर, अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड, को पवेलियन लौटा दिया था। शमी ने लगातार 4 ओवर डाले और सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। शमी के अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (2/34) और स्पिनर मणिमारन सिद्धार्थ (1/29) ने भी हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग को खुलने का मौका नहीं दिया, जिसके चलते टीम ने सिर्फ 26 रन तक 4 विकेट गंवा दिए थे। हालत ये थी कि शुरुआती 10 ओवर में ैत्भ के स्कोर में सिर्फ 35 रन ही जुड़े थे, मगर ऐसे वक्त में हेनरिख क्लासन (62) और नीतीश कुमार रेड्डी (56) ने पारी को संभाला और काउंटर अटैक किया। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतक जमाते हुए 116 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। मगर आखिरी 2 ओवर में हैदराबाद सिर्फ 12 रन बना सकी और 4 विकेट गंवा दिए, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी की वापसी हुई और दोनों ने तेज शुरुआत दिलाई। हालांकि मार्श जल्दी आउट हो गए लेकिन मार्करम (45) ने हमला जारी रखा और कप्तान पंत के साथ 40 रन की पार्टनरशिप की। मगर यहीं पर अचानक 2-3 विकेट गिर गए और जल्द ही स्कोर 105/4 हो गया। इस वक्त तक पंत खुलकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और अब्दुल समद के साथ मिलकर कुछ बाउंड्री बटोरकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस दौरान पंत ने सीजन में अपना पहला अर्धशतक भी लगाया। आखिरी ओवर में लखनऊ को 9 रन की जरूरत थी और लखनऊ के कप्तान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई। पंत 50 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह लखनऊ इस सीजन में जीत दर्ज करने वाली 7वीं टीम बन गई।

# 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने विभिन्न गेम जोन में भाग लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 68वें संस्करण में नियमित पांच किमी साइकिलिंग राइड के अलावा, विश्व स्वास्थ्य दिवस से दो दिन पहले, 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन में हिस्सा लिया।



इस कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में शामिल हुए। आज यहां यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग पूल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में कई एक्टिविटी जोन में बैडमिटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिग चुनौतियां, और यहां तक कि कैरम, लूडो और सांप-सीढ़ी जैसे पुराने जमाने के इनडोर खेल भी शामिल थे। आयुष मंत्रालय की 'योग 365' पहल के तहत एक विशेष योग परामर्श बूथ बनाया गया था, जहां प्रतिभागियों ने निर्देशित सत्रों और परामर्शों के माध्यम से तनाव कम कियाए वहीं, दिमागी कसरत के लिए 'स्मार्ट वॉल फिटनेस चैलेंज' और 'डाट्र्स स्टेशन' ने सभी आयु वर्ग के लोगों को खूब आकर्षित किया। दिल्ली की स्थानीय निवासी रितु शर्मा ने कहा कि मैं यहां सिर्फ साइकिल चलाने आई थी, लेकिन यह एक पूरे फिटनेस उत्सव जैसा लग रहा है। मेरे बच्चे बैडमिटन और टेबल टेनिस खेल रहे हैं, जबकि मैं योग कर रही हूं। यहां हर किसी के लिए कोई न कोई एक्टिविटी मौजूद है। इस आयोजन की सबसे खास बात थी भारत के स्वास्थ्य सेवा समुदाय की जबरदस्त भागीदारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में हाथ मिलाया। ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा जैसे साझेदारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा और फिटनेस का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जिसने इस संदेश को और मजबूत किया कि बीमारियों से बचाव और सक्रिय जीवनशैली, दोनों पूरक हैं। डॉक्टर और नर्स को अक्सर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे आगे देखा जाता है।

# मैड्रिड में निकी का जलवा



**मैड्रिड (स्पेन)।** भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रुच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया। क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, से हरा दिया। पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी। जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में भी बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया।

# करनदीप कोचर इंटरनेशनल सीरीज में पांचवें स्थान पर रहे

**चिबा.जापान।** भारत के करनदीप कोचर ने रोमांचक चौथे राउंड में बर्डी की हैट्रिक लगाकर 2 मिलियन डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ ने रविवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में आखिरी होल पर ईगल लगाकर खिताब जीता।



उथल-पुथल भरे तीसरे राउंड के बाद कोचर आखिरी दिन बोगी-फ्री रहे और उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर टूर्नामेंट को 12-अंडर 272 के साथ खत्म किया, जो विजेता स्मिथ से तीन शॉट पीछे थे। इस बीच, स्मिथ का ड्रीम रन तब जारी रहा जब उन्होंने पार-फाइव 18वें होल पर ईगल पट लगाकर टूर्नामेंट को एक शॉट से शानदार तरीके से जीत लिया। टोक्यो के पास कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में एक शानदार फिनिश में, स्मिथ 20-फुटर शॉट मारकर थाईलैंड के पावित तांगकामोलप्रासर्ट और जापान के रयोसुके किनोशिता के साथ प्ले-ऑफ से बाल-बाल बच गए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के शानदार आखिरी पट में उन्होंने सात-अंडर- पार 64 का स्कोर किया और 15-अंडर पर पहुंच गए, जबकि पावित और किनोशिता दोनों क्लब हाउस में 14-अंडर पर थे। पावित और किनोशिता ने पहले ही टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 62 और 63 के शानदार राउंड शूट किए थे, और बहुत पीछे से आगे आए थे। पावित आखिरी ग्रुप से 10वें और किनोशिता छठे स्थान पर थे। कोरिया के होंगटेक किम और जापान के शुगो इमाहिरा ने दिन की शुरुआत लीड शेयर करते हुए की थी, लेकिन वे तय हो रही तेज रफ्तार के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए। किम ने 69 का स्कोर करके बराबरी पर पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि इमाहिरा ने 70 का स्कोर करके बराबरी पर सातवां स्थान हासिल किया। इवेंट द इंटरनेशनल सीरीज पर सीजन का ओपनिंग इवेंट है, और यह स्मिथ की सीरीज में पहली सफलता है - एशियन टूर पर इवेंट्स का अपर-टियर लेवल जो द इंटरनेशनल सीरीज रैंकिंग्स के जरिए लिव गोल्फ लीग का रास्ता दिखाता है।

# बीसीबी के तीन डायरेक्टर्स ने एक ही दिन में इस्तीफा देकर चौंकाया

■ फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को निर्णय के बारे की जानकारी दी जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद कदम उठाया

**ढाका।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तीन डायरेक्टर फैजुर रहमान, शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने लंबी चली बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

शनिवार को ढाका में हुई लंबी बोर्ड बैठक के बाद कुछ ही घंटों में बीसीबी के तीन डायरेक्टरों ने इस्तीफी दे दिया। फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को अपने निर्णय के बारे की जानकारी दी, जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद यही कदम उठाया। इस तरह बीसीबी चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले डायरेक्टरों की संख्या छह हो गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से फैजुर, तनीम और चौधरी ने यह फैसला लिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने की, जबकि अस्वस्थ होने के कारण उपाध्यक्ष फारूक अहमद ऑनलाइन जुड़े। बैठक के बाद नए मीडिया चेयरमैन मोहम्मद मुखसेदुल कमाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें फैजुर के पद छोड़ने की जानकारी मीडिया से मिली। अन्य दो डायरेक्टरों ने संवाददाता सम्मेलन के बाद इस्तीफा दिया। कमाल ने कहा, ष्हमने बोर्ड में इस पर चर्चा नहीं की। जिन्होंने इस्तीफा दिया, उन्होंने निजी कारण बताए हैं। यह उनका व्यक्तिगत फ़ैसला है। जिनका आप जिक्र कर रहे हैं द्धफैजुरऋ, वे बैठक में हमारे साथ मौजूद थे। हमें बैठक के बाद उनके इस्तीफे की खबर मिली।ष फैजुर क्रिकेट कमेटी ऑफ ढाका मेट्रोपोलिस के उपाध्यक्ष थे। हाल ही में उन्होंने बीसीबी की लीग्स को सही तरीके से चलाने में कमी पर खुलकर सवाल उठा चुके थे।

सरकार फिलहाल पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों की जांच कर रही है, और इस पर बनी समिति अगले हफ्ते अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। खेल मंत्री अमीनुल हक़ ने यह भी कहा है कि वह यह जांच करवाना चाहते हैं कि बंगलादेश इस साल भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप में क्यों हिस्सा नहीं ले सका। पिछले हफ्ते संसद सत्र में उन्होंने बीसीबी में राजनीतिक पक्षपात के आरोपों की भी जांच कराने की बात कही।

## बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक संशोधन जरूरी: जांच समिति

**ढाका।** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी)के 2025 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई पांच-सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एकेएम असदुज्जमां ने रविवार को कहा कि उन्होंने बोर्ड के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है।

यहां रिपोर्ट जमा करने के बाद एनएससी परिसर में पत्रकारों से बातचीत में असदुज्जमां ने कहा, ष्जैसा कि आप जानते हैं, हम आज यहां इसलिए आए हैं क्योंकि हमें एक जांच का काम सौंपा गया था। हमने अपनी जांच पूरी कर ली है और आज रिपोर्ट जमा करने आए हैं। हमने इसे आधिकारिक तौर पर सौंप दिया है।ष उन्होंने कहा, ष्हमने पूरी प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह से निष्पक्ष रहने का प्रयास किया। हमने उन सभी लोगों से पूछताछ की, जिनका हमें इसमें कोई भी हाथ लगा। हमें जो भी पता चला, उसके आधार पर हमने बिना किसी बेबुनियाद आरोप के, एक संक्षिप्त और निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार की है। हमने चुनाव से जुड़ी अपनी टिप्पणियों को ठीक वैसे ही बताया है, जैसा हमने उन्हें पाया। जब आप रिपोर्ट देखेंगे, तो आपको सारी बातें समझ आ जाएंगीद्ध हमने किसी खास व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया पर अपनी निष्पक्ष टिप्पणियां और सुझाव दिए हैं।ष उन्होंने कहा कि अभी इस द्धरिपोर्टऋ पर टिप्पणी करना मेरे लिए सही नहीं होगा। हमने रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। वे इसकी समीक्षा करेंगे और जरूरी जानक. ारी सार्वजनिक करेंगे। मैं फिर से इस बात पर जोर देना चाहूंगा: हम कोई अदालत नहीं हैं। हम वहां किसी पर आरोप लगाने या धारा 432 जैसी आपराधिक सुनवाई की प्रक्रिया का पालन करने के लिए नहीं गए थे। यह हमारा काम नहीं था। हमने यह जांच करने के लिए एक पड़ताल की कि क्या कानूनी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया गया था। हमने किसी पर भी 'आरोप' नहीं लगाया। हमने व्यवस्था के बारे में बताया कि क्या हुआ और क्या नहीं।

# रेलवे में नौकरी लगने की जलन में युवक को मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने



आई, जहां पड़ोसी ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना मझोला थाना क्षेत्र के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर की है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब सात बजे पूर्व प्रधान कर्मवीर के बेटे रोहित ने भाजपा नेता किशन लाल जाटव के फुफेरे भाई अशोक सागर (25) को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरंत घायल अशोक को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। घायल अशोक के पिता ने बताया कि उनके बेटे का हाल ही में रेलवे में लोको पायलट पद पर चयन हुआ है और कुछ ही दिनों में उसकी ट्रेनिंग शुरू होने वाली थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर पड़ोसी पिता-पुत्र उससे जलन रखने लगे थे और इसी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## मेधावी छात्रों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह, ट्रस्ट का वार्षिक समारोह सम्पन्न

मुरादाबाद। महानगर में राम दुलारी मानव सेवा एजुकेशनल ट्रस्ट का वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को सम्मानित करना रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश रस्तोगी मौजूद रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। छात्रों को साइकिल, बैट-बॉल, बैडमिंटन किट सहित अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।अंत में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# रेल इंजन से डीजल चोरी रेलकर्मी समेत तीन गिरफ्तार

**चन्दौसी।** गुमथल रेलवे स्टेशन पर खड़े रेल इंजन से डीजल चोरी करने के मामले का आरपीएफ ने खुलासा करते हुए एक रेलकर्मी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 केनों में भरा



करीब 450 लीटर डीजल बरामद किया गया है। सभी को मुरादाबाद स्थित रेलवे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। घटना 30 मार्च की रात की है, जब आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से इंजन से डीजल निकाल लिया। अगले दिन लोको पायलट ने रजिस्टर के अनुसार डीजल कम पाया तो मामले की जांच शुरू हुई। जांच के दौरान इंजन के टैंक की जाली टूटी हुई मिली, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। सूचना मिलने पर आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने शुरू किए। आरपीएफ ने सीसीटीवी फुटेज और आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों की जांच के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद हयातनगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर उत्तमा निवासी राहुल को पकड़ा गया, जो रेलवे प्रशिक्षण संस्थान से जुड़ा है और गुमथल स्टेशन पर प्वाइंट्समैन के रूप में कार्यरत है। पूछताछ में राहुल ने अपने दो साथियों, गुमथल निवासी सगे भाई विपिन और नितिन का नाम उजागर किया। पुलिस ने दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने मिलकर डीजल निकालकर केनों में भरा और उसे घर में छिपा दिया था। आरपीएफ प्रभारी गोविंद सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## बिलारी समाचार

### मर्यादाओं से बने थे पुरुषोत्तम श्रीराम



**मुरादाबाद।** आर्य समाज बुद्धि विहार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा व वेद कथा का आज तीसरे दिन समापन हुआ। आज प्रातः कालीन सत्र में आर्य पुरोहित पंडित लालकिशौर शास्त्री ने राजकुमार गुप्ता -मोनिका गुप्ता, अभिनंदन त्यागी -शिखा त्यागी, हृदेश कुमार अग्रवाल -रचना अग्रवाल,निर्मल आर्य -प्रीता आर्य, कुलदीप वाधवा -शिम्मी वाधवा नरेश दत्त -ममता आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया।आर्य मनीषी सुमित्र अगिंस्त ने श्रीराम कथा का शेष भाग सुनाते हुए बताया कि जब महर्षि बाल्मीकि ने देवश्रृषि नारद से पृथ्वी लोक पर श्रेष्ठतम् राजा के बारे में जाना तो देव श्रृषि नारद ने श्रीराम का ही नाम लेकर बताया था कि इस प्रथ्वीलोक पर केवल चक्रवर्ती सम्राट अयोध्या में राजा जनक के पुत्र श्रीराम ही ऐसे पुरुष है जिनके आदर्श जीवन पर यदि ग्रंथ लिखा गया तो भविष्य के लिए वह ग्रंथ जनमानस के लिये एक आदर्श और प्रेरणादायक स्थापित हो सकता है।श्रीराम के जीवन पर बाल्मीकि रामायण ही एक प्राचीनतम और सैद्धांतिक ग्रंथ है। श्रीराम का बचपन से लेकर वनवास वापसी तक का मर्यादाओं से ओतप्रोत जीवन रहा है। माता-पिता, गुरु जन, जनमानस और भाईयों के प्रति मर्यादाओं से समर्पित जीवन जीने से ही श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलायें। इसलिए ही मर्यादाओं से बने थे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम।इस अवसर पर तीनों दिन बने यज्ञमानो को आचार्य जी द्वारा सम्मानित किया गया।

आयोजन की अध्यक्षता प्रधान अम्बरीष त्यागी ने की व संचालन पं लालकिशौर शास्त्री ने किया। कथा में पूनम शास्त्री, जयराम सिंह, अर्पित,प्रभु, महिमा शास्त्री सार्थक,अमन, आशा जैमिनी रमेश सिंह आर्य शन्नो गुप्ता,वीरवती, संदीप त्रिवेदी यशपाल आर्य, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, अरबिंद आर्यबंधु राजेश नारंग कपिल मुनि, जसवंतसिंह, जितेन्द्र आर्य,प्रज्ञाशु आर्य वीरेंद्र आर्य भगवान सिंह आर्य ऋषिपाल सिंह, मथुरा प्रसाद, गायत्री आर्य, उमेश आर्य, अर्चना गुप्ता, मनोज योगगुरु, उषा गुप्ता प्रदीप विश्नोई, नवनीत रस्तोगी, रविंद्र आर्य ज्ञानप्रकाश भगत विजय अरोरा,सोनी, विनीता वाधवा कुसुम आर्य भी एम लाल, दिनेश विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# आंदोलन की सफलता को किसान नेता कर रहे गांव-गांव जाकर संपर्क

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिले में गन्ने की प्रजाति, किसान क्रेडिट कार्ड को लेकर चल रहे आंदोलन को तेज करने के लिए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह की गांव चौपाल, यात्रा जारी है। तेंदुए के हमलो से बचने के लिए प्रशासन से मांग की जा रही है। बताया कि तेंदुऐ लगातार किसानों पर हमलावर हो रहे है। किसानों का खेतों पर जाना दूभर कर दिया है। प्रशासन जानबरो के बारे में मौन है। पिछले दिनों कांठ क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर व बेगमपुर में दो बच्चीयों पर हमला करने वाले तेंदुआ को भी अभी तक बन विभाग ने पिंजरे में रखा हुआ है। वनकर्मी ने बताया कि नरभक्षी तेंदुए को चिड़ियाघर या सिक्योरिटी वन क्षेत्र में भेजा जाता है। किसानों की मांग है कि क्षेत्र में ऐसे नरभक्षी तेंदुए को चिन्हित कर पकड़ा जाए। भारतीय किसान यूनियन ने गांव चौपाल के तहत जेबड़ा,जेबड़ी, बैरमपुर में बैठकें की है। छजलैट में 10 तारीख के बाद किसान एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है। इस मौके पर नरेश प्रधान , वीर सिंह , छत्रपाल सिंह, सुदेश मुखिया, सचिन कुमार, अखिलेश सिंह, रणवीर सिंह, पुष्पें, , राजवीर सिंह आदि काफी किसान मौजूद रहे।



# शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे तो विभाग ने लगवा दिया सड़क पर काम

**कांठ (शाह टाइम्स)।** विकास खंड छजलैट के ग्राम



जमालपुर मुंडा नगला में ग्रामीण काफी समय से सड़क के निर्माण की मांग करते चले आ रहे थे। अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान से कहने का भी कोई असर नहीं हुआ ग्रामवासी लगातार सड़क निर्माण की मांग करते रहे मगर किसी ने उनकी सुनवाई नहीं की, भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुखबीर सिंह ने इस मामले की जिम्मेदारी उठाते हुए मुख्यमंत्री जी से मिलने का मन बनाया और वह मिलने के लिए निकल भी गए, अधिकारियों को इस बात की जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया उन्होंने मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी को फोन करके सड़क निर्माण कराए जाने की जानकारी भी देनी शुरू कर दी। सूचना मिली तो आंचल चौधरी भी मौके पर पहुंच गई संबंधित विभाग ने आनन फानन में सड़क के निर्माण का कार्य भी शुरू करा दिया। जबकि इससे पहले वही अधिकारी सड़क निर्माण के लिए बजट न होने की बात कह रहे थे। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक राजेश त्यागी बूथ अध्यक्ष पंकज बिश्नोई ताराचंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चे सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** सेंट पॉल्स इंटरनैशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल



चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि

शिक्षा ही जीवन का आधार है, बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन बेकार हो जाता हैं। सेंट पॉल स्कूल कांठ क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो पूर्णतया डिजिटल स्कूल है। यह उत्तम शिक्षा प्रदान करता है एवं समय- समय पर छात्र - छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए अलग - अलग कक्षाएं संचालित होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अथक प्रयास है कि हम अपने क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम प्रदान कर सके । इस मौके पर प्रधानाचार्य ममता रानी, काजल त्यागी, सारिका, दीपिका, भावना , शिवानी, तूबा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## जनहित में राष्ट्रीय समानता दल 7 अप्रैल को तहसील और जिला मुख्यालय पर देगा ज्ञापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनहित के मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय समानता



दल जिला एवं तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन सौंपेगा। उक्त जानकारी समानता दल के जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी ने दी उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष समानता दल के मोतीलाल शास्त्री के निर्देश पर जन समस्याओं एवं भ्रष्टाचार आदि को लेकर यह ज्ञापन दिया जाएगा बताया कि 7 अप्रैल को उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कांठ को भी ज्ञापन सौंपेंगे।

## कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं को सुदामा चरित्र का भावपूर्ण श्रवण कराया गया। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास ओमप्रकाश महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता, प्रेम और सादगी का सुंदर वर्णन किया।



महाराज ने बताया कि नरोत्तम दास रचित 'सुदामा चरित' सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अत्यंत गरीबी में जीवन यापन कर रहे सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका पहुंचे, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें देखकर अपार स्नेह व्यक्त किया। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को सिंहासन पर बैठाकर स्वयं उनके चरण धोए, जो उनकी गहरी मित्रता को दर्शाता है। कथा में तंदुल (चावल) की पोटली का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें सुदामा संकोचवश पोटली नहीं दे पाते, लेकिन श्रीकृष्ण प्रेमपूर्वक उसे लेकर ग्रहण करते हैं। बिना कुछ मांगे ही सुदामा के जीवन की दरिद्रता दूर हो जाती है। महाराज ने कहा कि यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची मित्रता में स्वार्थ नहीं, बल्कि समर्पण और प्रेम ही सबसे बड़ा होता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि रविवार दोपहर से कथा प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## ईस्टर पर निकला प्रभात फेरी जुलूस, चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभा

**चन्दौसी।** गुरुवार को मेथोडिस्ट चर्च चन्दौसी द्वारा यीशु मसीह के पुनरुत्थान दिवस (ईस्टर) जिसे रिजरिक्शन-डे भी कहा जाता है, जिसके अनुसार प्रभु यीशु मसीह क्रूस पर सलीबी मृत्यु के पश्चात तीसरे दिन मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मृतकों में से जीवित हो उठे थे। इसको ही क्रिश्चियन समुदाय के द्वारा ईस्टर पर्व के रूप में मनाया जाता है। रविवार को यीशु के उठने के उपलक्ष्य में प्रातः 05 बजे एक ईस्टर प्रोसेशन (जुलूस) चर्च से शुरू करते हुए सुभाष रोड, स्टेशन रोड होते हुए वापस चर्च तक पहुंच कर समाप्त हुआ जिस में प्रभु यीशु के प्रशंसा के गीत एवं भजन गाए गए। प्रार्थना सभा में पादरी आशुतोष सैमुअल, विक्रम मोहन, विशाल मैकडॉनल, सुरेश डीन, श्रुति, डेनिस, मोहित, अभिषेक, मोनू, विक्टर, विशाल, चीनू, बनी, फ्रैंको आदि शामिल रहे एवं सहयोग किया।

# अनोखा जागरूकता अभियान:बिना हेलमेट बाइक सवारों को फूलों की माला पहनाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के पीली कोठी चौराहे पर रविवार को ट्रैफिक पुलिस और भारत स्काउट गाइड द्वारा एक अनोखा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आमतौर पर नियम तोड़ने पर चालान काटने वाली ट्रैफिक पुलिस ने इस बार सख्ती के बजाय सकारात्मक और प्रेरणादायक तरीका अपनाया।



अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर उनका चालान करने के बजाय उन्हें फूलों की माला पहनाई गई और मुस्कुराते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस अनूठे अंदाज से लोग न केवल चौंके, बल्कि उन्होंने इसे सराहा भी। कई वाहन चालकों ने मौके पर ही हेलमेट पहनने और भविष्य में नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही, राहगीरों और वाहन चालकों को पंपलेट वितरित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस तरह के जागरूकता अभियान बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि केवल जुर्माना लगाना ही समाधान नहीं है, बल्कि लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना अधिक प्रभावी होता है।इस पहल को देखने के लिए चौराहे पर लोगों की भीड़ जुट गई और अधिकांश लोगों ने इस सकारात्मक प्रयास की खुलकर प्रशंसा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक अभियानों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाता रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सेवानिवृत होने पर दी शुभकामनाएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** वरिष्ठ शिक्षक महेश चंद्र शर्मा कंपोजिट विद्यालय मधुवा खालसा में अपनी सेवाएं दे रहे थे इन्हें 37 वर्ष सेवा देने के बाद सेवा निवृत्ति मिल गई। इस मौके पर पहुंचे अध्यक्ष गौरव यादव ने बताया कि इनके द्वारा न केवल शिक्षण कार्य किया गया, बल्कि अनगिनत छात्रों के भविष्य को संवारा और उन्हें सही मार्ग दिखाया गया। उनका ज्ञान और मार्गदर्शन विद्यालय परिवार के लिए अमूल्य रहा है।उनके संबंधी एवं सभी शिक्षकों ने विदाई समारोह में उपस्थित होकर उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम में गौरव यादव अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट, रामानंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छत्रसैन तनेजा महामंत्री,सुशांत चौहान संगठन मंत्री,सुमित विश्नोई ब्लॉक मंत्री,कुंवरपाल सिंह,आलोक कुमार, दिनेश कुमार,अशोक विश्नोई,राजवीर सिंह,सत्येंद्र कुमार,कमल सिंह,सत्यवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में 'लाइफ स्किल्स एंड पर्सनल ग्रोथ ऑफ स्टूडेंट्स' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल के सहयोग से "लाइफ स्किल्स एंड पर्सनल ग्रोथ ऑफ स्टूडेंट्स" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।इस कार्यशाला में आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका डॉ. स्मृता सिंह रिसोर्स पर्सन रहीं। उन्होंने विद्यार्थी प्रतिभागियों को सोचने की क्षमता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और आत्म-जागरूकता विकसित करने में सहायक लाइफ स्किल्स के बारे में विस्तार के साथ जानकारी दी, ताकि वे लचीले व सामाजिक रूप से कुशल एवं सफल कॅरियर के लिए तैयार हो सकें।इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने कार्यशाला के दौरान उपलब्ध



कराई गई महत्वपूर्ण जानकारियों हेतु रिसोर्स पर्सन डॉ. सिंह की सराहना की। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए रिसोर्स पर्सन डॉ. सिंह द्वारा दी गई जानकारियों को आत्मसात् करने की सलाह दी। कार्यशाला के दौरान स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धमकी व सोशल मीडिया पोस्ट पर मुकदमा दर्ज

**चन्दौसी।** कभी एक-दूसरे के साथ मिलकर कार्य करने वाले लोग अब एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर नीचा दिखाने में लगे हैं, जिससे न केवल आपसी संबंधों में दरार आ रही है, बल्कि समाज में भी गलत संदेश जा रहा है। पिछले दो वर्षों में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें आपसी मतभेद खुलकर सामने आए। एक विवाद समाप्त भी नहीं होता कि दूसरा शुरू हो जाता है। कुछ लोग जानबूझकर इस तरह की स्थितियों को बढ़ावा देते हैं, जिससे आपसी टकराव और गहरा जाता है। इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकलता। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी उनके पास सोने-चांदी के आभूषण होने की बात सार्वजनिक रूप से पोस्ट कर रहा है, जिससे असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## जस्सू नंगला में महर्षि कश्यप जयंती पर कार्यक्रम

**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र के गांव जस्सू नगला में भगवान महर्षि कश्यप की जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम का आयोजन मोहित कश्यप द्वारा किया गया जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके बारे में लोगों को बताया इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं को भी लोगों के सामने रखा। इस मौके पर चौधरी हुकम सिंह गुरु अरविंद विक्रांत सिंह चौधरी सोमवीर सिंह पुष्पेंद्र सिंह अंकित कुमार व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 6 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# खतरनाक मोड़

अमेरिका–इस्राईल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई – मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं। अमेरिका–इस्राईल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और यूएई में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा, लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20 प्रतिशत ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं, लेकिन अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे। कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल–गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल–काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है। वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की, लेकिन अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।

## सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती



पहले जनगणना कराई जाए, फिर महिला आरक्षण की बात उठाई जाए, जब गिनती ही गलत होगी, तो आरक्षण कैसे सही होगा, अगर किसी काम को करने की सही मंशा होती है, तो शंका नहीं होती है, महिला आरक्षण बिल का तो आधार ही निराधार है, आरक्षण का आधार अगर कुल सीटों का 1/3 (एक तिहाई) है, तो इसका मतलब हुआ कि ये गणित का विषय है और गणित का आधार अंक होते हैं, संख्याएं होती हैं, कोई हवा हवाई बात नहीं, इस तरह के मामले में संख्या का आधार जनसंख्या होती है, जिसका आधार जनगणना होती है, जब महिलाओं की जनसंख्या के लिए 2011 के पुराने आंकड़ों को आधार बनाएंगे, तो महिला आरक्षण की आधारभूमि ही गलत होगी, जब भूमि में ही दोष होगा तो सच्ची फसल कैसे उगेगी।

**–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# युद्ध अपराधी हैं डोनाल्ड ट्रम्प व नेतन्याहू





तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गए बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राजधानी के सबसे ऊंचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस निर्माणाधीन हाईराइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुए लिखा कि डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुखघ् नहीं बदला तो उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था। ट्रंप ने इस हमले को अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरुआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्यबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिकांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे युद्ध अपराध करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यत: नहीं किए जा सकते। यह युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों, सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है, परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिए अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहां तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुए युद्धविराम के बाद भी इस्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालांकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22–23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थाई विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर–मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों, स्कूल्स, बाजार, अस्पताल, स्कूल यहां तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गई हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध, हत्या, उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे यहूदी–विरोधी तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है। इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को श्पाषाण युगश में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिए। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुए क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाए अपने इस्तीफे दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किए बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि –अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जाएगा परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पाएगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच अमेरिका फर्स्ट को आगे रख रहा है या फिर वह केवल इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है, परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बोर्ड परीक्षा पूरी कहानी नहीं, जीवन का एक अध्याय

**हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी अधिकारी बनने के लिए नहीं बना होता। कोई चित्रकला में अच्छा होता है, कोई खेल में, कोई लेखन में, तो कोई तकनीक या व्यवसाय में। यदि बच्चा किसी अलग क्षेत्रा में रूचि दिखाता है, तो उसे कमजोरी नहीं, संभावना समझें। आवश्यकता हो तो करियर काउंसलर, शिक्षक या अनुभवी व्यक्ति की सहायता लें। कई लोग स्कूल या बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, लेकिन बाद में अपनी लगन और कौशल के बल पर बड़ी सफलता तक पहुंचे।**



कृति आरके जैन

बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने वाले हैं। तारीख करीब आते ही हजारों घरों में बेचैनी बढ़ने लगती है। कहीं विद्यार्थी देर रात तक जागकर अपने अनुमान लगा रहा है, तो कहीं माता–पिता चुपचाप उसके चेहरे की चिंता पढ़ रहे हैं। किसी को अच्छे अंकों की उम्मीद है, किसी को डर कि मेहनत के बाद भी परिणाम मनचाहा न आए। परिणाम के दिन मोबाइल की घंटी, वेबसाइट का खुलना, रोल नंबर डालती कांपती उंगलियांकृसब उस पल को और भारी कर देते हैं। और जब स्क्रीन पर अंक उम्मीद से कम दिखें या असफलता सामने खड़ी मिले, तो लगता है मानो सब समाप्त हो गया। विद्यार्थी को भविष्य अंधेरा दिखने लगता है, अभिभावक चिंता और अपराधबोध से भर उठते हैं। लेकिन इसी क्षण सबसे जरूरी है यह याद रखना कि यह केवल एक परीक्षा है, पूरा जीवन नहीं। एक परिणाम आपके व्यक्तित्व, क्षमता और भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं हो सकता। सबसे पहले विद्यार्थी और अभिभावक, दोनों को अपनी भावनाएं दबाने के बजाय उन्हें स्वीकार करना चाहिए। निराशा, दुख, गुस्सा, आंसू या चुप्पीकृए सब स्वाभाविक हैं। विद्यार्थी यदि रोना चाहता है, तो उसे रो लेने देंय यदि कुछ देर अकेला रहना चाहता है, तो उसे समय दें। उसी तरह अभिभावक भी अपनी चिंता छिपाने के लिए कठोर न बनें। इस समय सबसे बड़ी जरूरत साथ की होती है। बच्चे के पास बैठकर केवल इतना कहना हम तुम्हारे साथ हैं, यह अंत नहीं है उसके टूटे मन को संभाल सकता है। कई बार लंबे भाषण नहीं, बल्कि एक शांत स्पर्श, एक गले लगाना और बिना निर्णय उसकी बात सुन लेना सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। अभिभावकों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वे तुलना और तानों से पूरी तरह बचें। ह्फलां के इतने अंक आए, तुम्हारे क्यों नहीं? या इतना खर्च किया, फिर भी क्या हुआ? जैसे वाक्य बच्चे के मन पर गहरे घाव छोड़ते हैं। असफलता के बाद विद्यार्थी पहले ही अपराधबोध और शर्म से भरा होता है। यदि घर में भी उसे केवल आलोचना मिले, तो उसका आत्मविश्वास और टूट जाता है। इस समय बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि उसका महत्व केवल अंकों से नहीं है। वह एक इंसान है, जिसके भीतर योग्यताएं, भावनाएं, रुचियां और सपने हैं। घर का वातावरण शांत, भरोसे से भरा और सकारात्मक रखना ही इस कठिन समय में अभिभावक का सबसे बड़ा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को यह समझना होगा कि असफलता का अर्थ अयोग्यता नहीं होता। कई बार कम अंकों के पीछे अनेक कारण होते हैं तनाव, समय प्रबंधन की कमी, सही रणनीति का अभाव, स्वास्थ्य की समस्या या किसी विषय में कमजोरी। इसलिए स्वयं को मैं किसी काम का नहीं कहकर दोषी ठहराने के बजाय अपनी तैयारी का ईमानदारी से विश्लेषण करें। सोचें, कमी कहां रह गई और अगली बार क्या बदला जा सकता है। यदि कोई विषय कठिन लगा, तो उसका अधिक अभ्यास करें। यदि समय कम पड़ा, तो समय बांटने की आदत डालें। यदि तनाव ने असर डाला, तो पढ़ाई के साथ विश्राम, व्यायाम और ध्यान को भी जीवन का हिस्सा बनाइए। हर गलती अगली सफलता का रास्ता दिखाती है। असफल परिणाम के बाद आगे बढ़ने के अनेक रास्ते होते हैं। यदि किसी विषय में कम अंक आए हैं, तो कंपार्टमेंट या सुधार परीक्षा दी जा सकती है। यदि पूरी परीक्षा में सफलता नहीं मिली, तो अगले वर्ष बेहतर तैयारी के साथ फिर प्रयास किया जा सकता है। आज शिक्षा की दुनिया पहले से कहीं अधिक खुली है। केवल एक धारा या एक करियर ही जीवन का अंतिम रास्ता नहीं है। विज्ञान, वाणिज्य और कला के अलावा भी अनेक विकल्प हैं डिजिटल मार्केटिंग, डिजाइन, होटल प्रबंधन, एनीमेशन, खेल, संगीत, कंप्यूटर, फोटोग्राफी, फैशन, आईटीआई, डिप्लोमा, उद्यमिता और कई कौशल आधारित क्षेत्र। कई बार एक असफलता हमें उसी दिशा में मोड़ देती है, जहां हमारी वास्तविक प्रतिभा छिपी होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इस समय बच्चे की रुचियों को समझने की कोशिश करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राघव चड्ढा विवाद : लोकतांत्रिक प्रक्रिया या आंतरिक अनुशासन





विनीत नारायण

हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राजसभा सांसद राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच खुला विवाद सामने आया। 2 अप्रैल को पार्टी ने राजसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाने और उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को नियुक्त करने की सूचना दी। साथ ही, पार्टी ने अनुरोध किया कि चड्ढा को पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। अगले दिन चड्ढा ने 'साइलेंस्ड, नॉट डिफीटेड' शीर्षक से एक वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि वे हमेशा आम आदमी के मुद्दे उठाते रहे, लेकिन पार्टी उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। यह घटना पार्टी के आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करती है और सवाल उठाती है कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है या सख्त अनुशासन का मामला। राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के करीबी माने जाते थे, लेकिन पिछले एक साल से रिश्तों में दरार दिखने लगी थी। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान चड्ढा विदेश में आंखों की सर्जरी करा रहे थे और पार्टी के कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को हालिया छूट मिलने पर भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई बड़ा बयान नहीं दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन से विचलन माना गया। वहीं चड्ढा ने संसद में हवाई अड्डों पर महंगे खाने, डिलीवरी पार्टनर्स की समस्याएं, टोल प्लाजा और बैंक चार्जेस, गिग वर्कर्स के अधिकार जैसे मुद्दे उठाए, जिन्हें उन्होंने 'आम आदमी' के हितों से जोड़ा। लेकिन पार्टी ने इन्हें 'सॉफ्ट पीआर' करार दिया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस विवाद पर बयान भी दिए। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चड्ढा बीजेपी से डरते हैं, विरोधी दलों के वॉकआउट में शामिल नहीं होते और पंजाब के मुद्दों पर चुप रहते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें 'कम्प्रोमाइज्ड' बताया और कहा कि जब पार्टी एमएसपी या केंद्र से फंडिंग जैसे बड़े मुद्दे उठाती है, तब चड्ढा छोटे–छोटे मुद्दों पर फोकस करते हैं। आतिशी और अनुराग धंडा ने भी यही स्वर दोहराया कि संसद में सीमित समय में 'समोसे सस्ते' जैसे विषयों पर बोलना राष्ट्रहित से दूर है। पार्टी का तर्क है कि एक छोटी पार्टी के पास संसद में बोलने का सीमित कोटा होता है, इसलिए उसे केंद्र सरकार के खिलाफ सख्त रुख अपनाना चाहिए, न कि 'सॉफ्ट' मुद्दों पर। इस पर चड्ढा ने अपने वीडियो में इन आरोपों का सीधा जवाब दिया। उन्होंने पूछा, ह्क्या आम आदमी के मुद्दे उठाना अपराध है? मैंने हवाई अड्डे के खाने की महंगाई, गिग वर्कर्स की दुर्दशा, अशुद्ध भोजन और लूटखसोट के मुद्दे उठाए, जिससे आम आदमी को फायदा हुआ। पार्टी को इससे क्या नुकसान हुआ? उन्होंने पार्टी को चेतावनी दी, मेरे मौन को हार मत समझिए। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। यह बयान न केवल व्यक्तिगत दर्द जाहिर करता है, बल्कि पार्टी में असहमति के अधिकार पर भी सवाल खड़ा करता है।

वहीं अन्य राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया ने इस विवाद को और भी रंग दिया है। भाजपा ने इसे आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला बताया, लेकिन चड्ढा को बोलने से रोकने को 'अत्यधिक आपत्तिजनक और तानाशाही' करार दिया। कांग्रेस ने इसे पार्टी में दरार का सबूत माना। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारींग ने कहा कि च्ढा पहले से ही पार्टी से 'अलग' दिखते थे, खासकर केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। कुछ कांग्रेस नेताओं का अनुमान है कि च्ढा पार्टी छोड़कर कहीं और जा सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी पार्टी की एकता पर सवाल उठाए हैं। कुल मिलाकर, विपक्षी दलों ने इस घटना को पार्टी की कमजोरी के रूप में पेश किया है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि चड्ढा पार्टी की आक्रामक एंटी–बीजेपी रणनीति से सहमत नहीं हैं। वे ज्यादा मुद्दा–आधारित और कम व्यक्तिगत हमले वाले रुख अपनाते रहे, जो आम आदमी पार्टी की मौजूदा जरूरत (केंद्र सरकार पर सीधा हमला) से मेल नहीं खाता। दूसरी अटकल यह है कि चड्ढा की बढ़ती लोकप्रियता और मीडिया कवरेज केजरीवाल के लिए खतरा बन गई। स्वाती मालीवाल जैसी पिछली घटनाओं की घटना की याद दिलाते हुए कुछ राजनैतिक पंडित कहते हैं कि आम आदमी पार्टी में 'केजरीवाल से ज्यादा चमक' बर्दाश्त नहीं की जाती। अनुशासन और पंजाब–केंद्रित रणनीति भी एक कारण हो सकता है, क्योंकि चड्ढा पंजाब से सांसद हैं लेकिन पंजाब के बड़े मुद्दों जैसे एमएसपी पर कम सक्रिय रहे। कुछ स्रोतों का दावा है कि चड्ढा को बीजेपी 'प्रमोट' कर रही है या वे स्वतंत्र रूप से राजनीति करने की सोच रहे हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी ने इसे 'रूटीन संगठनात्मक बदलाव' बताया है, लेकिन टाइमिंग और बोलने पर रोक ने संदेह बढ़ा दिया है। देखा जाए तो यह एक संसदीय लोकतंत्र में पार्टी अनुशासन बनाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सवाल है। क्या एक सांसद को पार्टी कोटा से बोलने का अधिकार पार्टी नेतृत्व के विवेक पर निर्भर होना चाहिए? संविधान और संसदीय परंपरा में सांसद पार्टी से कहीं ज्यादा जनता का प्रतिनिधि है। लेकिन वास्तविकता में व्हिप और पार्टी लाइन बाध्यकारी हैं। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी जो स्वयं 'स्वराज' और पारदर्शिता का नारा देती रही, में यह घटना उसके सिद्धांतों से मेल नहीं खाती। इसके साथ हीपार्टी की आंतरिक संरचना पर भी कई सवाल उठते हैं। केजरीवाल–केंद्रित पार्टी में असहमति को कैसे हैंडल किया जाता है? पार्टी बनने के समय जो–जो बड़े व चर्चित चेहरे केजरीवाल के साथ थे वे एक–एक करके अलग हुए। अब राघव चड्ढा जैसी घटनाएं पार्टी की 'एकता' की छवि को धक्का पहुंचाती हैं। आम आदमी पार्टी जैसे दलों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत रहने के लिए आंतरिक एकता जरूरी है। चड्ढा जैसे युवा, शिक्षित और मीडिया–सेवी नेता पार्टी की छवि को आधुनिक बनाते थे।

उनका साइडलाइन होना युवा नेताओं को निरुत्साहित कर सकता है। चड्ढा ने जो मुद्दे उठाए वे वाकई आम आदमी से जुड़े थे, महंगाई, श्रमिक अधिकार, उपभोक्ता शोषण, लेकिन राजनीति में संसद सीमित समय में प्राथमिकता 'बड़े राजनीतिक हमले' को दी जाती है। क्या यह 'सॉफ्ट' बनाम 'हार्ड' पॉलिटिक्स का टकराव है? दोनों पक्षों में सच्चाई तो है, एक तरफ पार्टी की रणनीतिक जरूरत, दूसरी तरफ संसद को जन–समस्याओं का मंच बनाने का प्रयास। इस विवाद से भारतीय राजनीति को दो सबक मिलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने दी फिर भारत को धमकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई फाल्स फ्लैग आपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि भारत अपने लोगों या हिरासत में बंद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल करके झूठा ड्रामा रचने की योजना बना रहा है।

### युद्ध के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 17 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायली पुलिस ने तेल अवीव के थिएटर स्क्वायर पर युद्ध के विरोध में रैली कर रहे 17 लोगों को हिरासत में लिया है। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी अधिकारियों से लेबनान, ईरान और गाजा पट्टी में जारी सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। हालांकि इस रैली को मंजूरी दी गई थी, लेकिन यह नागरिक सुरक्षा नियमों के उल्लंघन में आयोजित की गई थी।

### पाकिस्तान में ईंधन सब्सिडी पर पीएम ने की समीक्षा बैठक

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हालिया क्षेत्रीय तनाव के बीच पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय पाकिस्तान के अनुसार बैठक में सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ-साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई।

### फ्रांस ने की चीन में अपने नागरिक को मृत्युदंड की निंदा

**पेरिस।** फ्रांस ने अपने नागरिक चान थाओ फूमी (62) को चीन के कैंटन में मृत्युदंड दिए जाने पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए गए चान को दो दशकों से अधिक समय तक कारावास में रखने के बाद मृत्युदंड दिया गया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ऑटो-रिक्शा की लंबी कतारें।

## घेब्रेएसस ने ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा पर की चिंता व्यक्त

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि आज सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेएसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं।

# अमेरिकी सेना की गतिविधियां एआई से ट्रैक कर रही चीनी कंपनियां

### ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं

**वाशिंगटन।** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां ईरानी संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कई प्राइवेट कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं। हालांकि, चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है। कंपनियां पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना की तैनाती का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के साथ मिला रही हैं। इस डेटा में सैटेलाइट इमेजरी, फ्लाइट ट्रैकर और शिपिंग जानकारी शामिल है। पांच हफ्ते पहले ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से यह ट्रेंड और बढ़ गया है। आनलाइन पोस्ट में अमेरिकी कैरियर मूवमेंट, एयरक्राफ्ट की पोजिशनिंग और बेस गतिविधियों की डिटेल्स दिखाई गई हैं। इसे विश्लेषक तेजी से बढ़ता इंटेलिजेंस मार्केटप्लेस बता रहे हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के मिलिट्री इकोसिस्टम से लिंक होने का दावा किया जा रहा है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह चीन की रक्षा क्षमता में निजी क्षेत्र के नवाचार को शामिल करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है, जिसे उसकी सिविल-मिलिट्री एकीकरण रणनीति के तहत बड़ा सरकारी निवेश भी मिला है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों और विश्लेषकों के विचार इस मुद्दे पर अलग-अलग हैं कि खतरा कितना गंभीर है। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीटयूट के फेलो रयान फेडासियुक ने द वाशिंगटन पोस्ट से कहा कि चीन में निजी क्षेत्र की जियोस्पेशियल एनालिसिस (स्थान-आधारित डेटा जुटाने वाली) कंपनियों के बढ़ने से उसकी रक्षा क्षमता मजबूत होगी।



■ चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है

# अमेरिकी पायलटों को ईरान से सुरक्षित निकाला: ट्रम्प

### कहा: अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार सुबह घोषणा की कि अमेरिका ने ईरानी क्षेत्र से उन दो लड़ाकू पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया है, जो शनिवार को ईरानी सेना के हमले में दो अमेरिकी विमानों के गिराए जाने के बाद से लापता हो गए थे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर कहा कि हमने उन्हें पा लिया है! मेरे प्यारे देशवासियों, पायलट अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस 'चमत्कारी' अभियान में दूसरे पायलट को सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाल लिया गया है। इससे पहले एक अन्य पायलट को भी सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन इसकी पुष्टि इसलिए नहीं कि गई थी क्योंकि वे दूसरे बचाव अभियान को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि पिछले कुछ घंटों के दौरान, अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था और दुश्मन हर घंटे उसके करीब पहुंच रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि वह पायलट कभी अकेला नहीं था क्योंकि कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष चौबीसों घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे और बचाव की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने उसे वापस लाने के लिए दुनिया के सबसे घातक हथियारों से लैस दर्जनों विमान भेजे थे। पायलट को कुछ चोटें आई हैं, लेकिन वह ठीक हो जाएगा। अमेरिकी सैन्य इतिहास में यह पहली बार है जब दो अमेरिकी पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी अंदर से अलग-अलग बचाया गया है। ट्रम्प ने गर्व से कहा कि हम कभी भी किसी अमेरिकी योद्धा को पीछे नहीं छोड़ेंगे। ट्रम्प ने दावा किया कि बिना किसी अमेरिकी सैनिक के हताहत हुए इन दोनों ऑपरेशनों को पूरा करना यह साबित करता है कि अमेरिका ने ईरानी आसमान पर पूर्ण वर्चस्व हासिल कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंत में कहा कि यह एक ऐसा क्षण है जिस पर सभी अमेरिकियों को गर्व होना चाहिए और एकजुट होना चाहिए।



■ दावा: तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को किया खत्म
■ पायलट ईरान के दुर्गम पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे था: ट्रम्प

## ईरान में लगातार 37 दिनों से इंटरनेट बंद

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'नेटब्लॉक्स' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में जारी 'इंटरनेट ब्लैकआउट' अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है। लगातार इतने दिनों से संचार ठप होने के कारण आम नागरिकों का बाहरी दुनिया से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

## ईरान में हवाई हमले में रेड क्रिसेंट स्वयंसेवक की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में एक हवाई हमले में अब्दुलफजल देहनवी नामक 20 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत हो गई। वह ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के साथ मानवीय सहायता कार्यों में जुटे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला मोबारकेह काउंटी में हुआ, जहां देहनवी नागरिकों की मदद और राहत कार्यों में लगे थे। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। बताया गया है कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के दौरान अमेरिकी-इजरायली हमलों में देहनवी की जान गई।

## पश्चिम एशिया संकट के चलते यूक्रेन युद्ध को भूली दुनिया

**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया संकट का असर वैश्विक तौर पर दिख रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस युद्ध से खास तौर पर तनावग्रस्त हैं।

जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन की प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते यूक्रेन को बेहद जरूरी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलों की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस्तांबुल में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि रूस के रोजाना हमलों का सामना करने के लिए यूक्रेन को अमेरिका में बने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत है। रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए हमले के बाद से अग्रिम मोर्चे के अलावा शहरी इलाकों में भी रूसी हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, जिससे ड्रोन और मिसाइल उत्पादन बाधित हुआ है और सर्दियों में नागरिकों को हीटिंग और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है।



■ संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है: जेलेंस्की



















